website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 122 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 12 अप्रैल 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

संक्षिप्त समाचार

## गुजरात में बीजेपी ने इंस्टाग्राम स्टार पर फिर खेला दांव

- अंकिता परमार की युवा मोर्चा में एंट्री के बाद टिकट भी मिला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर के तौर पर चर्चा में आई बीजेपी की युवा नेता अंकिता परमार फिर सुर्खियों में हैं। वह करीब तीन साल पहले तब सुर्खियों में आई थीं जब वह जिम ट्रेनर से तहसील पंचायत का चुनाव जीती थीं और फिर वडोदरा तहसील की चेयरमैन बनी थीं। सोशल मीडिया पर सेलिब्रेटी जैसा रुतबा रखने वाली अंकिता परमार



### निर्दलीय लड़ने का किया ऐलान

नयनाबेन नयनाबेन परमार ने साफ कर दिया है कि अब वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने सोशल मीडिया और 'रील लाइफ' के दिखावे पर निशाना साधते हुए कहा कि असलियत व रील लाइफ में बड़ा फर्क है।

को पिछले दिनों बीजेपी ने युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया था तब यह माना गया था कि उन्हें संगठन में भेज दिया गया है लेकिन पार्टी ने उन्हें वडोदरा जिले की पोर सीट से मैदान में उतारकर चौंका दिया है। अंकिता परमार की उम्मीदवारी पर दावेदार रहीं नयना परमार ने सवाल खड़े किए हैं। अंकिता परमार को पोर सीट से टिकट मिलने पर विवाद भी सामने आया है। आरोप है कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय किया। गुरुवार को बीजेपी ने वडोदरा जिला पंचायत की हाई-प्रोफाइल 'पोर' सीट के लिए एक उम्मीदवार घोषित किया। वैसे ही स्थानीय राजनीति गरमा गई है। इस विवाद में सबसे गंभीर मोड़ तब आया जब नयनाबेन परमार ने गंभीर आक्षेप लगाए। नयना परमार को पोर से मजबूत दावेदार माना गया था। नयनाबेन परमार ने पूर्व जिला बीजेपी अध्यक्ष रसिक प्रजापति पर पैसों के लेनदेन के गंभीर आरोप लगाए। इन पर रसिक प्रजापति की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## डॉक्टर हरिवंश राज्यसभा के मनोनीत सांसद बने

- उपसभापति बन सकते हैं, कार्यकाल 2032 तक रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह मनोनीत सांसद बने। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था। हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो गया था। उनकी पार्टी जेडीयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के



रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए हरिवंश को चुना गया। 69 साल के हरिवंश 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे। राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है। इधर, बिहार के सीएम नीतिश कुमार ने भी राज्यसभा सांसद की शपथ ली। हरिवंश को नीतिश कुमार का करीबी माना जाता था, लेकिन कुछ समय से दोनों के बीच दूरी नजर आई। 18 मार्च को पीएम मोदी ने कमबैक का हिंट दिया था बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान राज्यसभा में रिटायर हो रहे सांसदों का विदाई समारोह 18 मार्च को हुआ था।



## रेगिस्तान में 'ब्रह्मास्त्र' सेना ने दिखाई ताकत

- 'हवा में टैंक' अपाचे हेलीकॉप्टर की संहारक शक्ति का प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने गुरुवार को पोखरण फायरिंग रेंज में 'ब्रह्मास्त्र' लाइव फायरिंग अभ्यास के दौरान अपने अटैक हेलीकॉप्टर, बोइंग एच-64 अपाचे की युद्ध क्षमता का प्रदर्शन किया।

सेना ने इस प्रदर्शन में उच्च-सटीकता और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध पर उसके बढ़ते फोकस को दिखाया। इस दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर ने एआई-114 हेलफायर मिसाइलों, रॉकेटों और ऑनबोर्ड गन सिस्टम का उपयोग करके सटीक हमले किए।

इसके साथ ही नकली युद्ध क्षेत्र के माहौल में निर्धारित लक्ष्यों को पूरी सटीकता के साथ भेदा। इस अभ्यास का उद्देश्य पायलटों और ग्राउंड क्रू के बीच परिचालन तत्परता और समन्वय का परीक्षण करना था।

### जमीन पर मौजूद सेनाओं को तत्काल फायर सपोर्ट देने में सक्षम

एएनआई से बात करते हुए, अपाचे 451 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफीसर, कर्नल विक्रांत शर्मा ने कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सभी सैन्य कर्मियों को वास्तविक युद्ध स्थितियों के लिए तैयार करना था। उन्होंने आगे कहा, इस फायरिंग अभ्यास के दौरान, हमारे पायलटों ने सिम्युलेटर प्रशिक्षण, मिशन योजना और लक्ष्य भेदन का लगातार अभ्यास किया। हमारी तकनीकी टीम ने हेलीकॉप्टरों और हथियार प्रणालियों की जांच की और उन्हें फायरिंग के लिए तैयार किया। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक युद्ध में, अटैक हेलीकॉप्टर को सपोर्ट देना जरूरी है।

## 'ब्लैक फ्राइडे' दो हादसों में 13 की मौत

- यमुना में स्टीमर डूबा, 10 पर्यटकों की मौत, वृंदावन में हादसा
- रेस्क्यू के लिए इंडियन आर्मी पहुंची, सभी पंजाब के रहने वाले

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के वृंदावन में 30 पर्यटकों से भरा स्टीमर यमुना नदी में पलट गया। हादसे में 10 पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। स्टीमर में सवार सभी पर्यटक पंजाब से घूमने आए थे। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया, हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से ढाई किमी की दूरी पर है। राहत और बचाव कार्य के लिए सेना आ गई है। गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम भी वृंदावन आ गई है। डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया, पर्यटक 2 स्टीमर में सवार थे। एक पलट गया, जिस पर 25 से 27 लोग सवार थे। 10 लोगों की मौत हुई है। 12 घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। 3 से 5 लोगों के अभी लापता होने की सूचना है। रेस्क्यू टीम लगातार सर्च कर रही हैं। पर्यटक मनोहर लाल ने बताया- हम



सभी पंजाब में लुधियाना, हिसार, और मुक्तेश्वर से हैं। तेज हवा चल रही थी। यमुना नदी के बीच में स्टीमर अचानक तेज हवा से डगमगाने लगा। स्पीड भी बढ़ गई। तभी स्टीमर पीपा पुल (पांटून पुल) से टकराकर पलट गया। मथुरा डीएम सीपी सिंह ने वृंदावन नाव हादसे को लेकर बताया कि लुधियाना से 30 तीर्थयात्री



आए थे। वे यमुना नदी में बोट से जा रहे थे। इसी दौरान बोट पलट गई। अभी तक 9 लोगों की डेडबॉडी मिली है। 16-17 लोग सुरक्षित निकाल लिए हैं। अन्य तीर्थयात्रियों को ढूंढ़ा जा रहा है। आर्मी और एनडीआरएफ टीम बुलाई गई है। हॉस्पिटलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पंजाब से आए श्रद्धालुओं के वृंदावन घूमने के क्रम में हादसे की जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं से भरी नाव पांटून ब्रिज से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। वहीं, 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

### 2 कारें भिड़ीं कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म

- 6 की जान गई, शादी से लौट रहे थे

**कांकेर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ। जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चौवरांज में शादी से लौट रहा था।

## नीतिश कुमार के अनुभव से बढ़ेगी संसद की गरिमा

- प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा सांसद बनने पर दी बधाई



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण कर लिया है। नीतिश कुमार के शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा-नीतिश कुमार जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्होंने बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्हें एक बार फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा। पीएम मोदी ने आगे लिखा- सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई और आगे के कार्यकाल के लिए ढेरों शुभकामनाएं।

## उच्चतम न्यायालय ने जाति आधारित जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को जाति आधारित जनगणना रोकने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से स्पष्ट रूप से नाराज दिखे। उन्होंने कहा, आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने किससे अपनी याचिका लिखवाई है। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से कहा, आप कहां से ऐसी भाषा लिखते हो याचिका में। प्रधान न्यायाधीश की



अध्यक्षता वाली इस पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली भी शामिल थे। पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में केंद्र को एकल संतान वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन देने के लिए नीतियां बनाने का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है। शीर्ष न्यायालय ने इससे पहले दो फरवरी को भी एक अन्य जनहित याचिका पर भी विचार करने से इनकार कर दिया था जिसमें 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे।

## दिल्ली के सरकारी विद्यालयों को 20 अप्रैल तक पाठ्यपुस्तकें मुहैया करा दी जाएंगी: शिक्षामंत्री सूद

**नई दिल्ली,(भाषा)।** दिल्ली के सरकारी विद्यालयों को 20 अप्रैल तक पाठ्यपुस्तकें मुहैया करा दी जाएंगी। यह दावा राष्ट्रीय राजधानी सरकार के शिक्षामंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में पुस्तकों के वितरण में देरी को लेकर उठी चिंता के बीच किया।सूद ने पीटीआई-भाषा से कहा कि छपाई के लिए अपनाई गई निविदा प्रक्रिया के कारण पुस्तकों की आपूर्ति में थोड़ी देरी हुई। छपाई के लिए अपनाई गई इस प्रक्रिया से शिक्षा निदेशालय (डीओई) के लिए लागत में 20 से 30 प्रतिशत की कमी आती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होता है।उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकों की छपाई बेहतर गुणवत्ता में की जा रही है और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं के लिए वितरण पहले ही शुरू हो चुका है जबकि अन्य संस्थानों को 20 अप्रैल तक ए पाठ्यपुस्तकें प्राप्त होने की उम्मीद है।

## केरल में यूडीएफ को भारी जीत मिलेगी, राजग अपना खाता भी नहीं खोल पाएगा : सतीशन



**कोच्चि, (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी डी सतीशन ने शुक्रवार को केरल में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की भारी जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए दावा किया कि गठबंधन पांच जिलों में विरोधियों का सूपड़ा साफ कर देगा। उन्होंने इस अटकल को खारिज कर दिया कि राजग केरल में अपना खाता खोलेगा। विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद सतीशन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में चुनाव के दौरान यूडीएफ नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 30 वर्षों में सबसे अच्छा प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि यूडीएफ को 100 से अधिक सीट मिलने का उनका दावा महज एक बयान नहीं है बल्कि यह उस काम पर आधारित है जो मोर्चे ने पिछले पांच वर्षों में उन सभी को वापस लाने के लिए किया है जिन्होंने 2005 में इसे छोड़ दिया था और परिणामस्वरूप राज्य में इसके पक्ष में एक बड़ी लहर आई। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने परवूर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को समाज में अल्पसंख्यकों और हाशिए पर रहने वाले समूहों का भी व्यापक सामाजिक समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एलडीएफ शासन से निराश लोगों में सत्ता विरोधी भावना है।

## यातायात पुलिस ने इलेक्ट्रिक कार का प्रदूषण चालान काटा

**जयपुर, (भाषा)।** राजस्थान के नागौर जिले में यातायात पुलिस ने कथित तौर पर एक इलेक्ट्रिक कार का प्रदूषण चालान काट दिया, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।ह घटना सात अप्रैल को जिला मुख्यालय क्षेत्र में कृषि मंडी तिराहे पर हुई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया।अधिकारियों के अनुसार, यातायात पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक ने इलेक्ट्रिक कार को रोका और।,700 रुपए का चालान जारी कर दिया, जिसमें प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र न होने और कार के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी होने का हवाला दिया गया।

संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में पुलिस से हथियार छीनने के प्रयास के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**इंफाल, (भाषा)।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हुए बम विस्फोट के बाद लगाए गए कर्फ्यू का उल्लंघन करने एवं पुलिसकर्मियों से हथियार छीनने का प्रयास करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान यांगोइजम बोरिश सिंह (23), मंगसताबम डेविड सिंह (21), पंगमबम निवाश मेइती (22), लैतोनजाम रोमेन सिंह (22), फिरेनजाम टोनी (21) और निंगथौजम डेनिश सिंह (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपियों को बृहस्पतिवार को हिंगांग थाना क्षेत्र के अहल्लुप मखा लेइकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों ने पुलिस कर्मियों पर हमला किया और उनसे हथियार छीनने की कोशिश की।

### मां के छोटी बहन को अधिक स्नेह दिए जाने की भावना से आहत होकर बड़ी बहन घर से भागी

**पालघर,(भाषा)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक बच्ची मां द्वारा छोटी बहन को कथित तौर पर अधिक प्राथमिकता दिए जाने की भावना से आहत होकर घर से भाग गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को सफाले थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा कि बच्ची गंभीर भावनात्मक तनाव में थी और खुद को नुकसान पहुंचा सकती थी। अधिकारी ने बताया कि यह 13 वर्षीय बच्ची हंजारोली गांव की निवासी है और वह इस धारणा से परेशान थी कि उसकी मां अपनी छोटी बेटी को अधिक स्नेह एवं प्राथमिकता देती है।जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख ने बताया कि स्थानीय पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से तलाशी अभियान चलाया। बच्ची हंजारोली बांध क्षेत्र के पास मिली। उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिक चिंता उसकी सुरक्षा थी। सौभाग्य से वह सुरक्षित मिल गई। इसके बाद नकारात्मक विचारों और भावनात्मक तनाव को दूर करने के लिए उसे पेशेवर परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि बाद में बच्ची को उसके माता-पिता के पास पहुंचा दिया गया।

### एक घर के अंदर से मिले तीन शव

**जयपुर, (भाषा)।** राजस्थान के पाली जिले के एक पॉश इलाके में 59 वर्षीय महिला और उसके दो बेटों के शव उनके घर के अंदर मिले। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शव बृहस्पतिवार शाम जोधपुर रोड स्थित आशापुरा टाउनशिप के एक मकान से बरामद किए गए। मकान दो दिनों से बंद था। पुलिस के अनुसार, बड़ा बेटा नरपत लाल (34) पंखे से लटका हुआ मिला, जबकि उसकी मां शांति देवी (59) और छोटा भाई रघुवीर (26) फर्श पर पड़े मिले। पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह ने बताया कि मौके से दो मोबाइल फोन और एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि दो शवों के पास जहर की बोतल भी मिली। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट से संकेत मिलता है कि बीमारी से उत्पन्न अवसाद के कारण परिवार ने यह कदम उठाया, हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## बंगाल में भाजपा का वादा, महिलाओं को 3 हजार महीना

- 6 महीने में यूसीसी लागू होगा, ममता बोलीं-सांप पर भरोसा करना, बीजेपी पर नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी भरोसे का पत्र जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता



घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनी हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा।

इधर, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने नॉर्थ 24 परगना के टेंटुलिया में चुनावी रैली की। उन्होंने यहां कहा- सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन बीजेपी पर नहीं। भाजपा असम चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई, उसे राज्य के निवासियों के वोटों से जीत का भरोसा नहीं था। मोदी सरकार प्रयास कर रही है, लेकिन बंगाल सरकार बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही है। हम नदी-नालों की पेट्रोलिंग की वैज्ञानिक व्यवस्था करेंगे।

- संबंधित खबर पेज 9 पर

# फर्जी टीसी मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण बरी, कोर्ट ने किया दोषमुक्त



चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिले के बहुचर्चित फर्जी टीसी मामले में चूरू विधायक हरलाल सहारण को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। सरदारशहर के एसीजेएम नवदीप ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए वर्ष 2019 से चल रहे इस प्रकरण में विधायक सहारण को पूरी तरह दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और समर्थकों का मानना है कि अब उनके मंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है।

प्रमाणित नहीं पाए गए पेश किए गए दस्तावेज

विधायक हरलाल सहारण की ओर से पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ढाकास ने बताया कि वर्ष 2019 में चिमना राम ने सहारण के खिलाफ फर्जी टीसी लगाकर चुनाव लड़ने का मुकदमा दर्ज करवाया था। परिवादी ने सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त कुछ दस्तावेज पेश किए थे, लेकिन कानूनी तौर पर वे कमजोर साबित हुए। अधिवक्ता शेखावत ने कोर्ट में तर्क दिया कि पेश किए गए दस्तावेजों पर न तो कोई आधिकारिक लेटर पैड था और न ही कोई सील लगी हुई थी।

7 गवाह और 14 दस्तावेजों की हुई पड़ताल

मामले की सुनवाई के दौरान कुल 7 गवाहों के बयान हुए और 14 दस्तावेज पेश किए गए। बचाव पक्ष ने कोर्ट को बताया कि जिस दिन आरटीआई के तहत जानकारी मांगी गई थी, उसी दिन बिना किसी गहन जांच के सूचना दे दी गई थी। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद पाया कि पेश किए गए कागजात प्रमाणित नहीं हैं। इस आधार पर न्यायाधीश नवदीप ने विधायक को बरी करने का फैसला सुनाया।

समर्थकों ने बांटी मिठाई, जताया आभार

न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किए जाने की खबर मिलते ही विधायक समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान सभी ने वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह शेखावत ढाकास की प्रभावी पैरवी के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# नवनियुक्त उपाध्यक्ष के.आर. बुनकर का बलाई विकास समिति ने किया भव्य अभिनंदन



चौमूं/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बलाई विकास समिति (जयपुर मुख्यालय-चौमूं) के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया गया है। उन्हें 'डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान' की केंद्रीय कार्य समिति में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर समिति के पदाधिकारियों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनका भव्य सम्मान किया।

निवास पर पहुंचकर दी बधाई

समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर के मुरलीपुरा स्कीम स्थित देवधारा कॉलोनी में के.आर. बुनकर के निवास पर भेंट की। इस दौरान समिति के संरक्षक रामकिशोर राय, अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया और कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल के नेतृत्व में उन्हें माला व साफा पहनाया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र भेंट किया गया।

ये गणमान्य जन रहे मौजूद

सम्मान समारोह के दौरान उपाध्यक्ष शंकरलाल सरावता, गोपीराम महरडा, डॉ. चिरंजीलाल परिहार, राज परिहार, बंशीधर रांगेरा, भागीरथ खंडेलवाल और सुशील परिहार सहित कई समाज सेवी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बुनकर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज कल्याण के कार्यों को नई गति मिलेगी।

# डॉ. हैनिमन की 271वीं जयंती पर विश्व होम्योपैथी दिवस आयोजित



चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में 'विश्व होम्योपैथी दिवस' और होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनिमन की 271वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। राजीव मार्केट स्थित श्रद्धा होम्यो एवं योगा सेंटर पर आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता होम्योपैथी यूनिवर्सिटी जयपुर के संरक्षक व सलाहकार डॉ. अमरसिंह शेखावत ने की।

गरीबी से संघर्ष कर डॉ. हैनिमन ने दी नई राह

समारोह का शुभारंभ डॉ. अमरसिंह शेखावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रारंभ में बिसाऊ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदयवीर शर्मा द्वारा रचित 'डॉ. हैनिमन वंदना' प्रस्तुत की गई। एसोसिएशन के सचिव डॉ. बी.के. शर्मा ने बताया कि डॉ. हैनिमन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने अभावों में संघर्ष करते हुए इस चिकित्सा पद्धति का आविष्कार कर दुनिया को उपचार का नया मार्ग दिखाया। आज विश्व के लगभग 145 देशों में होम्योपैथी को सरकारी मान्यता प्राप्त है।

वैज्ञानिक और कारगर चिकित्सा पद्धति: डॉ. शेखावत

डॉ. अमरसिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में इस चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा सबसे अधिक की जा रही है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी एक वैज्ञानिक, सुलभ और बिना किसी दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट) के स्थाई इलाज की पद्धति है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों का रुझान इस पैथी के प्रति तेजी से बढ़ा है।

इन्होंने अर्पित किए श्रद्धासुमन

समारोह के अंत में उपाध्यक्ष डॉ. बी.एल. गौड़ ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष नायक, डॉ. प्राची शाकद्वीप, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. कौशल, डॉ. डी. दास, डॉ. हर्षवर्द्धन शेखावत, डॉ. राकेश, विनोद क्याल, केवल चैनाणी, जे.के. सीकरिया, नीरज जोशी, विजय कुमार गोस्वामी, एस.एम. सैनी, पवन ठठेरा और विजय शर्मा सहित कई गणमान्य जनों ने डॉ. हैनिमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# प्रवासी श्रमिकों को मिलेगा 5 किलो का सिलेंडर

चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर खाद्य विभाग के निर्देशानुसार आमजन और प्रवासी श्रमिकों के लिए एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध करवाने के संबंध में नई गाइडलाइन जारी की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत प्रवासी श्रमिकों को छोटा सिलेंडर और शादी वाले घरों को अतिरिक्त वाणिज्यिक सिलेंडर मिल सकेंगे।

श्रमिकों के लिए 5 किलो का FTL सिलेंडर

जिला रसद अधिकारी (DSO) अंशु तिवाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पाबंद किया गया है कि वे 5 किलोग्राम के एफटीएल (FTL) सिलेंडर केवल प्रवासी श्रमिकों को ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इससे उन श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी जो बड़े सिलेंडर का बोझ नहीं उठा सकते या जिन्हें पोर्टेबल सुविधा की आवश्यकता है। डीएसओ ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शादियों के सीजन में सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगाना और उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस उपलब्ध करवाना है।

# आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण हेतु उमड़ा जनसैलाब, 'जनता सरकार मोर्चा' ने किसानों को किया जागरूक



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ग्राम नागल भरड़ा, तेजाजी का जोड़ा में 'जनता सरकार मोर्चा' के तत्वावधान में किसानों की एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण और ग्रामीण संसाधनों के संरक्षण पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जमीन हड़पने के वैश्विक षड्यंत्र से सावधान रहें किसान: देवेंद्र बल्हारा

मुख्य वक्ता देवेंद्र बल्हारा ने वर्तमान सामाजिक और ग्रामीण समस्याओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज बैंक और निजी कंपनियां ऋण के जाल में फंसाकर किसानों की जमीन हड़पने का षड्यंत्र रच रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेशकीमती जमीन विदेशी और निजी कंपनियों को सौंपने की योजना बनाई जा रही है। बल्हारा ने गिरते रुपये के मूल्य को भी कंपनियों के लाभ के लिए रची गई साजिश बताया, जिससे भारतीय नागरिक गरीब और मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सावधान रहें और गांव में ही संसाधन उत्पन्न कर आत्मनिर्भर बनें।

स्वदेशी और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण का संकल्प

सभा के संयोजक मुरली धरबरा ने भारतीय धार्मिक परंपराओं, मान्यताओं और रीति-रिवाजों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन को गांव-गांव तक पहुँचाकर ही आत्मनिर्भर ग्राम का सपना साकार हो सकता है। कार्यक्रम में रूजला जोड़ा गौशाला मंदिर के महंत महात्मा राघव दास जी महाराज ने भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मदन बिछवालिया, हर सहाय यादव, बनवारी शेरावत, शंकर लाल सैनी, राम अवतार शर्मा, गोपाल दुसाद, सरदार बरा, भीम सिंह बरा, जितेंद्र चौधरी, परमजीत सिंह, संजय, गोपाल बराला, रिछपाल, मदन दूत, हनुमान, परमानंद और कानाराम बराला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब की जयंती समारोह को लेकर उत्साह, विभिन्न स्थानों पर पोस्टर का हुआ विमोचन




चौमूं/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। बलाई विकास समिति (जयपुर मुख्यालय-चौमूं) द्वारा आगामी 12 अप्रैल को मोरीजा रोड स्थित सभा-भवन में आयोजित होने वाले 'डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह' की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जयपुर और चौमूं के विभिन्न स्थानों पर समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया।

संरक्षक और संयोजकों ने जारी किया पोस्टर

जयपुर की मुरलीपुरा स्कीम में समिति के संरक्षक रामकिशोर राय और सेवानिवृत्त एडीएम कालूराम बुनकर ने पोस्टर विमोचन कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। इसके साथ ही समारोह के सह-संयोजक राज परिहार और मुकेश कुमार कालोया ने भी पोस्टर जारी कर अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया।

हर्षोल्लास के साथ मनेगा उत्सव

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया और कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल ने बताया कि रविवार, 12 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में सभा-भवन में भव्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान सामाजिक एकता और जागरूकता को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी और समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

ये रहे मौजूद

पोस्टर विमोचन के दौरान उपाध्यक्ष शंकरलाल सरावता, संगठन सचिव गोपीराम महरडा, डॉ. चिरंजीलाल परिहार, बंशीधर रांगेरा, भागीरथ खंडेलवाल और सुशील परिहार सहित समाज के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम पर मेधावी छात्राओं का सम्मान, ₹5100-₹5100 के नकद पुरस्कार से नवाजा

चूरू/गोलसर (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती गांव गोलसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परीक्षा परिणाम रहने पर छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव की गलियों में गाजे-बाजे के साथ 'प्रवेशोत्सव रैली' भी निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।



प्रधानाचार्य ने दिए सफलता के मंत्र

विद्यालय के प्रधानाचार्य आरिफ खान ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए और आगामी सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मेधावी छात्राओं को मिला नकद पुरस्कार

समारोह में प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं में 93.40% अंक प्राप्त कर टॉपर रहीं छात्रा आरती और कक्षा 10वीं में 91% अंक हासिल करने वाली राशिका को ₹5100-₹5100 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी ₹2100-₹2100 की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।

भामाशाह याकूब गौरी ने किया भव्य सत्कार

गांव में निकाली गई प्रवेशोत्सव रैली का भामाशाह श्री याकूब गौरी ने अपने निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने पूरी रैली के लिए चाय, नाश्ता और जूस की व्यवस्था कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित शिक्षकों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस आयोजन ने गांव में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार किया है।

## शिक्षा और सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे महात्मा फुले: जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा

चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय पर भव्य पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने चूरू नगर परिषद मुख्यालय (सदर पुलिस थाना के सामने) स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प



प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने महात्मा फुले के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार के लिए समर्पित रहा। कलक्टर ने कहा, "महात्मा फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस अवसर पर जिला कलक्टर के साथ बसंत शर्मा, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, एसडीएम सुनील कुमार, सुरेश सारस्वत, डूंगरमल सैनी, दीनदयाल सैनी, सीपी शर्मा, हंसराज, धर्मेंद्र राकसिया, कमल सैनी, आकाश सैनी, ऋतिक सांखला, गोपाल बालाण, श्रीराम पीपलवा, राकेश शर्मा, डॉ. विकास देवड़ा, विश्राम सैनी, प्रेम कुमार और रजत सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के बाई का बास ग्राम में शनिवार को बलाई विकास समिति (जयपुर मुख्यालय-चौमूं) द्वारा आयोजित होने वाले आगामी 'डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह' के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। समाजसेवी गणेशचंद बगवाडिया, सूखाराम बुनकर व सरपंच सुल्तान बुनकर के नेतृत्व में पोस्टर जारी कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक एकता पर रहेगा जोर

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया एवं कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को मोरीजा रोड स्थित सभा-भवन में विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बाबा साहेब के आदर्शों पर चर्चा के साथ-साथ सामाजिक एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

समाज के गणमान्य जन रहे मौजूद

पोस्टर विमोचन के अवसर पर समिति सचिव राजेंद्र काला, मंगलचंद डूंडलोदिया, कमलेश बगवाडिया, रमेश बगवाडिया, हनुमान सहाय डूंडलोदिया और वेद प्रकाश सहित समाज के कई प्रबुद्ध नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समिति ने क्षेत्र के लोगों से इस जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह राठौड़ के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आक्रोश



चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर 'इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स' (IFWJ) के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पत्रकारों ने एकजुट होकर प्रशासनिक निरंकुशता के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजकर आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के विरुद्ध हुई दमनात्मक कार्यवाही की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

22 साल से संचालित रेस्टोरेंट को बिना आदेश ढहाने का आरोप

ज्ञापन में बताया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह राठौड़ जैसलमेर में वर्ष 2004 से वैध अनुमति के साथ अपना रेस्टोरेंट संचालित कर रहे थे। पिछले 22 वर्षों से वे नियमित किराया और सभी देयकों का भुगतान कर रहे थे। आरोप है कि नवंबर 2025 में बिना किसी लिखित आदेश के मात्र मौखिक रूप से तीन दिन में रेस्टोरेंट खाली करने का दबाव बनाया गया।

न्यायालय के स्थगन आदेश की भी हुई अवहेलना

पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कोर्ट से स्थगन आदेश (Stay Order) होने के बावजूद प्रशासन ने द्वेषपूर्ण कार्यवाही जारी रखी। 23 दिसंबर को रसोई सील करना, गैस सिलेंडर जब्त करना और 17 मार्च को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों से 'स्वाद रेस्टोरेंट' को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इस कार्यवाही से पीड़ित पत्रकार को करीब सवा करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसे लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया गया है।

जयपुर में 13 दिनों से जारी है धरना

ज्ञापन में इस बात पर भी गहरा रोष व्यक्त किया गया कि 29 मार्च को जयपुर में मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगने के बावजूद पत्रकारों को घंटों प्रतीक्षा करवाई गई और अंत में सुनवाई नहीं हुई। इसके विरोध में जयपुर के शहीद स्मारक पर पत्रकारों का धरना पिछले 13 दिनों से निरंतर जारी है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।

पीएम से मिलने की मांगी अनुमति

आईएफडब्ल्यूजे संगठन ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि उनके आगामी बालोतरा (पचपदरा) दौरे के दौरान पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल को प्रत्यक्ष मिलकर अपनी बात रखने का समय दिया जाए। ज्ञापन सौंपते समय अमित तिवारी, मोहम्मद अली पठान, मनोज शर्मा, अख्तर मुगल, राजेन्द्र सिंह शेखावत, आकाश सैनी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने वाला आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

सरदारशहर (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद (IPS) के निर्देशन में सरदारशहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, 25 फरवरी को एक ग्रामीण व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया था कि राजासर बीकान निवासी विनोद कुमार सुथार (39) उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर सरदारशहर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता के अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लिए ताकि उसे ब्लैकमेल कर सके। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 64(1), 74, 61(2)(A), 115(2) BNS सहित एससी/एसटी एक्ट और पोक्सो (POCSO) एक्ट की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

24 घंटे में दबोचा गया आरोपी

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार और वृत्ताधिकारी कुलदीप वालिया के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर जगह-जगह छापेमारी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी राजासर बीकान को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर लिया।

कड़ाई से पूछताछ जारी

पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर 'संविधान को जानें' ऑनलाइन क्विज का आज से शुभारंभ, 14 अप्रैल तक चलेंगे विविध कार्यक्रम



चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रविवार, 12 अप्रैल से जिले भर में विशेष गतिविधियों का आगाज हो रहा है। इसके तहत जिला व ब्लॉक स्तर पर महाविद्यालयों और आवासीय विद्यालयों में "संविधान को जानें" विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू की जाएगी।

**क्विज पोर्टल पर सीधे ले सकेंगे भाग**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (SJED) के उप निदेशक नगेंद्र सिंह ने बताया कि यह ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी और आमजन क्विज पोर्टल https://quiz.rkcl.in/ पर विजिट कर इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

**संगोष्ठी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं की धूम**

कार्यक्रम की श्रृंखला में 13 अप्रैल को स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय दर्शन और जीवन वृत्त पर व्याख्यान एवं संगोष्ठियां आयोजित होंगी। छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों में बाबा साहेब के जीवन पर आधारित चलचित्र (फिल्म) दिखाए जाएंगे। साथ ही, स्कूलों में संविधान विषय पर निबंध लेखन, भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा।

**14 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में होगा मुख्य समारोह**

डॉ. अंबेडकर जयंती के मुख्य अवसर पर 14 अप्रैल को सवेरे 09 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिला स्तरीय पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन और शपथ ग्रहण सहित विभिन्न गौरवमयी गतिविधियां संपन्न होंगी।

# धूमधाम से मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, शोभायात्रा के बाद समारोह में महिला शिक्षा और स्वास्थ्य पर दिया जोर



चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत फुले छात्रावास से निकाली गई विशाल शोभायात्रा से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई गायत्री नगर स्थित फुले भवन पहुँची, जहाँ मुख्य समारोह का आयोजन किया गया।

**फुले के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान**

समारोह में मुख्य वक्ता एडवोकेट आशाराम सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। नेशनल ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरधारी लाल तंवर ने माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद करते हुए समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लेने पर जोर दिया।

**संस्कारित शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता**

ओबीसी वेलफेयर सोसायटी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति ने बच्चों के करियर निर्माण पर चर्चा करते हुए मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी। वहीं, डॉ. निरंजन चिराणिया ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए अंकुरित अनाज को भोजन में शामिल करने की प्रेरणा दी।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर प्रसाद पंवार ने की और स्वागत भाषण सैनी समाज के जिला अध्यक्ष विनोद पापटान ने दिया। समारोह को सेवानिवृत्त तहसीलदार राधेश्याम स्वामी, भंवर सिंह परिहार, डूंगर सिंह सोनगरा, हरी किशन जांगीड़, डॉ. अशोक जांगीड़, घडसीराम स्वामी, मास्टर रिछपाल सिंह चारण, ओंकारमल बालाण और सांवरमल सहित कई गणमान्य जनों ने संबोधित किया।

**महिला शक्ति की रही गौरवमयी उपस्थिति**

इस अवसर पर श्रीमती मंजू देवी, गीता देवी, शारदा देवी, अनुराधा, वंदना, मैना देवी, सरला देवी और धापू देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन चन्द्र मोहन सैनी ने किया। अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य शोभायात्रा और कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल



बालाहेड़ी/महवा (शफीक अली/रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती गांव बालाहेड़ी में जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शनिवार को आयोजित भव्य शोभायात्रा और महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे गांव को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर और भक्ति गीतों पर झूमते हुए माहौल को दिव्य बना दिया।

**पुष्प वर्षा से हुआ भव्य स्वागत**

शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां ग्रामीणों ने जगह-जगह तोरण द्वार सजाकर और पुष्प वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

**समाज के गणमान्य जन रहे मौजूद**

इस अवसर पर भव्यराम सैनी, रेवड़ाराम सैनी, सरवन सैनी, रामकिशन लाल सैनी, रामस्वरूप सैनी, भगवान सैनी, गोपाल सैनी, किशोरी लाल सैनी, पप्पू सैनी, मोहरसिंह सैनी, मुकेश सैनी, दयाराम सैनी, सुखराम सैनी, रामचरण सैनी, सचिन सैनी, घासीराम सैनी, रामभरोसी सैनी, छुट्टन सैनी, रामेश्वर सैनी, नरसी सैनी, नंदू सैनी, लोकेश सैनी, राहुल सैनी, चेतराम सैनी, पुष्पेंद्र सैनी, केवल सैनी, जय किशन सैनी, गजेंद्र सैनी, दीपक सैनी, नमो सैनी, सियाराम सैनी, बतू सैनी, राजू सैनी, रविंद्र सैनी, राम भोला सैनी और डालचंद सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

**आरती और प्रसाद के साथ समापन**

कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। उपस्थित जनों ने अपनी गौरवशाली परंपराओं को संजोने और सामाजिक एकता को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह आज, विधायक डॉ. शिखा मील बराला होंगी मुख्य वक्ता

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई सभा-भवन में रविवार सुबह 10:30 बजे बलाई विकास समिति (जयपुर मुख्यालय-चौमूं) द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने के साथ-साथ बाबा साहेब के विचारों पर मंथन किया जाएगा।

**दिग्गज हस्तियाँ होंगी शामिल**

समिति महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बराला हॉस्पिटल के एमडी डॉ. श्रवण बराला होंगे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता क्षेत्रीय विधायक डॉ. शिखा मील बराला होंगी, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार करेंगे।

**अति विशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि**

समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कुमार खंडेलवाल (अशोका बर्तन भंडार), सुनील वर्मा (बीडीओ, पीपलू), समाजसेवी रामप्रताप ढेबाणा और सामोद थानाधिकारी गोपीचंद शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपीराम महरड़ा (मैनेजर, सनराइज होटल), चरण सिंह चौधरी (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन चौमूं) और डॉ. संजीव नारंग (निदेशक, नारंग हॉस्पिटल) उपस्थित रहेंगे।

**ये होंगे मुख्य आकर्षण**

कार्यक्रम में समिति संरक्षक रामकिशोर राय, सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर, पुलिस उप अधीक्षक सोनचंद लाड़णा, डॉ. चिरंजीलाल परिहार, कजोड़मल बुनकर (सेवानिवृत्त एसपी, CRPF), मुख्य संयोजक रामजीलाल महरडा (अधीक्षक, GST), नंदलाल सोरेला, मुकेश कुमार कालोया, रमेश कालोया, सुल्तान बुनकर, गणेशचंद बगवाड़िया, राज परिहार और उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया सहित कई प्रबुद्ध जन गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# नायक समाज की विसंगतियों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल

चूरू (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद राजस्थान इकाई और नायक समाज विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में नायक जाति से जुड़ी विसंगतियों को दूर करवाने के लिए आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली गई है। सरकार के समक्ष अपनी मांगों को प्रभावी ढंग से रखने के लिए 4 जून को एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

**जयपुर में आंदोलन समिति की बैठक 26 को**

आंदोलन को सफल बनाने के लिए गठित समिति की पहली महत्वपूर्ण बैठक 26 अप्रैल को प्रदेश की राजधानी जयपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता राजाराम नायक करेंगे। बैठक में राजस्थान भर के पदाधिकारियों को आंदोलन की रूपरेखा और जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

**10 मई को दिल्ली में जुटेगा राष्ट्रीय नेतृत्व**

राजस्थान के साथ-साथ इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर भी समर्थन मिल रहा है। अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद दिल्ली इकाई द्वारा 10 मई को राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुलाई गई है, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय बोयत करेंगे। इस आंदोलन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुभाष नायक को संयोजक मनोनीत किया गया है।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक होंगे मुख्य अतिथि**

इन दोनों ही महत्वपूर्ण बैठकों (जयपुर और दिल्ली) में अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। राजस्थान आंदोलन समिति के अध्यक्ष राजाराम और अन्य सदस्य दिल्ली की बैठक में भी विशेष रूप से उपस्थित रहकर आंदोलन को अखिल भारतीय स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे।

# साइबर क्राइम से सुरक्षा और कानूनी अधिकारों पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



तारानगर (मोहम्मद अली पठान/रॉयल पत्रिका)। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष के निर्देशानुसार शनिवार को 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे' (परिवर्तनकारी मंगलवार) अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम ढाणी कुम्हारान स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएलवी (परामर्श विधिक स्वयंसेवक) रामचन्द्र आईतान ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने और उनके कानूनी परिणामों की विस्तृत जानकारी दी।

**लोक अदालत और जनोपयोगी सेवाओं पर चर्चा**

पीएलवी रामचंद्र आईतान ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर क्राइम की रोकथाम के उपायों के साथ-साथ लोक अदालत के माध्यम से जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों को सुगम और त्वरित तरीके से निपटाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के सफल आयोजन के दौरान प्रधानाचार्य बनवारीलाल, अध्यापक बलराम, रमेश किरोड़ीवाल, संजय कुमार, राम निवास, बजरंग लाल, रोहिताश, राजेश, जगदीश, तिलोक चन्द, कुलदीप शर्मा तथा अध्यापिका रवीना, सुमित्रा व ऋतु सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, सामाजिक सुधारों को किया याद



पाली (मोहम्मद यासीन/रॉयल पत्रिका)। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ज्योतिबा फुले सर्कल पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शिरकत की और महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**अंबेडकर जयंती समारोह के तहत हुआ आयोजन**

यह कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत हुआ। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक सुधार कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया।

**प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, प्रशिक्षु आईएएस बिरजु गोपाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) ओम प्रभा, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा तथा जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी और त्रिलोक चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# शिवसेना (उबाठा) सांसदों के शिवसेना में शामिल होने की खबरें निराधार: एकनाथ



**मुंबई, (भाषा)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) के सांसदों के उनकी पार्टी में शामिल होने की खबरों को खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया।शिवसेना प्रमुख शिंदे ने एक बयान में कहा कि उनके और शिवसेना (उबाठा) के सांसदों के बीच कथित बैठक की खबरें भ्रामक हैं।उन्होंने कहा, अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि शिवसेना (उबाठा) के सांसद दल-बदल कर शिवसेना में शामिल हो जाएंगे। ए पूरी तरह निराधार हैं और इनका उद्देश्य केवल सनसनी फैलाना है।शिंदे का यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने ठाणे में शिवसेना (उबाठा) के सांसदों के साथ एक गुप्त बैठक की थी। यह भी चर्चा थी कि शिवसेना (उबाठा) का एक धड़ा टूटकर शिंदे गुट में शामिल हो सकता है।शिवसेना (उबाठा) के कुल 10 सांसद हैं, जिनमें लोकसभा के नौ और राज्यसभा के एक सदस्य शामिल हैं।साल 2022 में एकनाथ शिंदे ने बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना के भीतर बगावत की अगुवाई की और विधायकों के एक समूह के साथ उद्धव ठाकरे के नेतृत्व से अलग हो गए। इसके बाद उन्हें पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिह्न धनुष-बाण भी मिल गया। जहां शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की सहयोगी है, वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उबाठा) विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी का हिस्सा है।

# दौसा पुलिस की बड़ी स्ट्राइक: महवा का हिस्ट्रीशीटर 'काड़ू' गिरफ्तार

महवा/दौसा (शफीक अली/रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस दौसा ने महवा थाना क्षेत्र में लंबे समय से सिरदर्द बनी ई-रिक्शा बैटरी चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने शातिर अपराधी के कब्जे से चोरी की 03 बैटरियां भी बरामद की हैं।

**ए-श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है आरोपी**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी भगवानसहाय उर्फ काड़ू मीना महवा थाने का ए-श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर महवा कस्बे के विभिन्न इलाकों से ई-रिक्शा की बैटरियां पार करने में माहिर है। जांच में सामने आया कि वह अब तक कम से कम 4 ई-रिक्शाओं से बैटरियां चोरी कर चुका है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग (विधि से संघर्षरत बालक) को पहले ही निरुद्ध किया है।

**37 मामलों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड**

पकड़े गए आरोपी का प्रोफाइल बेहद चौंकाने वाला है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, नकबजनी, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के महवा, दौसा, जयपुर और अलवर जिलों के विभिन्न थानों में कुल 37 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी अक्सर जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से वारदातों को अंजाम देने लगता था। इतना ही नहीं, वह गिरोह में स्थानीय नाबालिगों को शामिल कर उनसे भी अपराध करवाता था।

**14 फरवरी की रिपोर्ट से शुरू हुई जांच**

इस गिरोह का खुलासा 14 फरवरी 2026 को दर्ज हुई एक रिपोर्ट के बाद हुआ। पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर जाल बिछाया और 10 अप्रैल को मुख्य आरोपी को दबोच लिया। मामले में अब तक कुल 11 चोरी की बैटरियां (08 पहले और 03 अब) बरामद की जा चुकी हैं।

**अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी**

महवा थाना पुलिस ने बताया कि अन्य फरार सदस्यों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। आरोपी से पूछताछ में कई अन्य चोरी की वारदातों के खुलने की संभावना है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से क्षेत्र में "आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय" के संकल्प को दोहराया है।

# प्रेम देवी के नेतृत्व में बाबा साहेब जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन, समाज में उत्साह




चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के निकटवर्ती ग्राम टांकरड़ा में बलाई विकास समिति (जयपुर मुख्यालय-चौमूं) द्वारा आयोजित होने वाले आगामी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया।

यह विमोचन समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय भंवरलाल हरसोलिया की धर्मपत्नी प्रेम देवी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

**सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रमों की तैयारी**

समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार और महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने जानकारी दी कि बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर 12 अप्रैल को मोरीजा रोड स्थित सभा-भवन में भव्य सम्मान समारोह आयोजित होगा।

इस अवसर पर सामाजिक एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

**महिला शक्ति और प्रबुद्धजन रहे मौजूद**

पोस्टर विमोचन के दौरान समिति के कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल, राधेश्याम हरसोलिया, हेमराज हरसोलिया, भंवरलाल भाटी, कैलाशचंद, दीपक रोलण, मोहन, गिरधारी, हरीश, जितेंद्र, मनमोहन और विरेंद्र उपस्थित रहे। साथ ही महिला शक्ति के रूप में बसंती देवी, लक्ष्मी देवी, संतरा देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, पार्वती, निशा, पूजा और संगीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिहार में शराब पार्टी करते बिजली विभाग के इंजीनियर समेत 6 गिरफ्तार, देसी राइफल और नगदी बरामद

**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर जिले में ड्राई स्टेट की सच्चाई एक बार फिर सामने आ गई है. ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात के अंधेरे में चल रही हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी का भंडाफोड़ किया. इस कार्रवाई में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कनीय विद्युत अभियंता समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया. मौके से अवैध देसी राइफल, भारी नगदी और विदेशी शराब की कई बोतलें बरामद हुई हैं.



पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्रह्मपुर चौराहा के पास एक कमरे में कुछ लोग शराब पार्टी कर रहे हैं और उनके पास हथियार भी हो सकता है. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी. रात के अंधेरे में अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया.

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कनीय विद्युत अभियंता अमित कुमार राय भी शामिल हैं. अन्य आरोपी रामेश्वरनाथ तिवारी, सुधांशु रंजन, अमित कुमार पांडेय, संजय साह और प्रियांशु मिश्रा हैं. जांच में पता चला कि कुछ आरोपी मौके पर शराब पी रहे थे. पुलिस ने कमरे से विदेशी शराब की कई बोतलें जब्त की.

छापेमारी के दौरान पुलिस को अवैध कंट्रीमेड देसी राइफल, 1 लाख 15 हजार रुपये नकद और विदेशी शराब की कई बोतलें बरामद हुई. पुलिस अब इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि राइफल किसकी थी और उसे वहां किस उद्देश्य से रखा गया था. बरामद नगदी और शराब की मात्रा ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है. पुलिस ने सभी छह आरोपियों को हिरासत में लेकर थानाध्यक्ष के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है. सभी आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

# टाटा पावर और डेटाब्रिक्स की साझेदारी बनाएगी आधुनिक डेटा और एआई प्लेटफार्म, एनर्जी ट्रांज़िशन में आएगी तेज़ी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की एक प्रमुख एकीकृत बिजली कंपनी और टाटा समूह का हिस्सा, टाटा पावर ने अपने सभी बिज़नेस क्लस्टर्स में डेटा और एआई परिवर्तन को गति देने के लिए डेटाब्रिक्स प्लेटफॉर्म को व्यापक रूप से अपनाने की घोषणा आज की है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ाना, निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक सटीक बनाना और डिजिटल नवाचार को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।




जैसे-जैसे टाटा पावर एनर्जी ट्रांज़िशन की ओर बढ़ रही है–चाहे वो सोलर पावर हो, स्मार्ट ग्रिड हो या सीधे ग्राहकों से जुड़ने वाले नए बिज़नेस–कंपनी अपने अगले बड़े बदलाव के लिए एक फ्यूचर-रेडी डेटा और एआई प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है। यह प्लेटफॉर्म बिजली ग्रिड को स्मार्ट बनाएगा, रिन्यूएबल ऊर्जा (जैसे सौर ऊर्जा) का सटीक अनुमान लगाएगा और बिलिंग से लेकर सोलर मैन्युफैक्चरिंग तक के हर काम को और भी बेहतर बनाएगा। साथ ही, इससे ग्राहकों को एक ही जगह पर बेहद आसान और शानदार अनुभव मिलेगा।

इस विजन को साकार करने के लिए, टाटा पावर डेटाब्रिक्स की मदद से एक आधुनिक डेटा फाउंडेशन तैयार कर रहा है। यह पुराने डेटा वेयरहाउस और टुकड़ों में बंटी एनालिटिक्स प्रणालियों से कहीं आगे की तकनीक है। इसे बड़े पैमाने पर डेटा प्रोसेस करने और तुरंत जानकारी देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। साथ ही, यह डेटाब्रिक्स की बेहतरीन सुरक्षा और गवर्नेंस के साथ एडवांस्ड एनालिटिक्स, एआई और एआई एजेंट्स को भी सपोर्ट करेगा। डेटाब्रिक्स के जरिए टाटा पावर डेटा इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स और एआई को एक ही प्लेटफॉर्म पर ला सकेगा। इससे कंपनी के अलग-अलग विभागों का डेटा एक साथ जुड़ जाएगा और बिज़नेस के हर स्तर पर सटीक और तेज़ फैसले लेना आसान होगा। इस परिवर्तन का एक प्रमुख आकर्षण है जीनी, यह डेटाब्रिक्स का एक एआई एजेंट है, जो कंपनी के किसी भी कर्मचारी को अपने डेटा से सीधे बात करने और तुरंत सटीक जवाब पाने की सुविधा देता है। अपनी सहज भाषा वाले इंटरफेस के साथ, जीनी डेटा तक पहुँचने के तरीके को पूरी तरह बदल देता है। इससे बिज़नेस से जुड़ी जानकारियाँ, डैशबोर्ड और एनालिटिक्स बनाना बेहद आसान हो जाता है, जिससे बेहतर और तेज़ निर्णय लिए जा सकते हैं। टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा, डेटाब्रिक्स के साथ यह साझेदारी एक भविष्य के लिए तैयार और इंटेलिजेंट एनर्जी इकोसिस्टम बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। डेटा और एआई की शक्ति का लाभ उठाकर, हम अपने डिजिटल आधार को मज़बूत कर रहे हैं।

## ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने पेश किया ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपना नया फंड – ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है जो निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के घटकों में निवेश करता है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 अप्रैल 2026 को खुलेगा और 24 अप्रैल 2026 को बंद होगा। ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड का उद्देश्य व्यय से पहले ऐसे रिटर्न देना है जो ट्रैकिंग एरर के अधीननिफ्टी इंडिया डिफेंस टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के प्रदर्शन के बहुत करीब हों। यह फंड निवेशकों के लिए एक सस्ता, आसान और पारदर्शी तरीका है। इसके जरिए वे रक्षा क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों जैसे कि दुनिया भर में रक्षा पर बढ़ता खर्च, भारत में सेना का आधुनिकीकरण और सरकार द्वारा मेक इन इंडिया व निर्यात को बढ़ावा देने की नीतियों का फायदा उठा सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन मौका है जो इस क्षेत्र में लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं। ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड अपने अंतर्निहित इंडेक्स (इंडेक्स का अनुसरण करते हुए) के माध्यम से उन चुनिंदा कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिनकी आय का एक बड़ा हिस्सा रक्षा से जुड़ी गतिविधियों से आता है। इस इंडेक्स में एयरोस्पेस और रक्षा उपकरण, जहाज निर्माण, विस्फोटक और संबंधित सेवाओं में लगी कंपनियों को शामिल किया गया है। इन कंपनियों का चयन निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर किया जाता है और उनके फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन के अनुसार उन्हें वेटेज दिया जाता है। अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इंडेक्स को हर छह महीने में पुनर्गठित किया जाता है। इस फंड के लॉन्च पर, ऐक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ, बी. गोपकुमार ने कहा, भारत का रक्षा क्षेत्र एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसे बढ़ते बजट, मजबूत नीतिगत इरादे और निर्यात के बढ़ते अवसरों का समर्थन प्राप्त है। ऐक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड के जरिए हम निवेशकों को इस संरचनात्मक विकास में भाग लेने के लिए एक कम लागत वाला और नियम-आधारित तरीका प्रदान कर रहे हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो लंबी अवधि का नजरिया रखते हैं और अपने पोर्टफोलियो को भारत की रणनीतिक और विनिर्माण प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना चाहते हैं।

## सागर में ठेकेदार की पेशेवर तरक्की में एसीसी का सहयोग

**सागर, एजेंसी।** विविध क्षेत्रों में कार्यरत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी क्षेत्रीय निर्माण पेशेवरों को निरंतर तकनीकी सहयोग देकर सशक्त बनाने का कार्य जारी रखे हुए है। मध्य प्रदेश के सागर में ठेकेदार हरगोविंद वर्मा की 19 वर्षों की यात्रा, जो राजमिस्त्री से शुरू होकर आज एक दर्जन से अधिक निर्माण स्थलों के प्रबंधन तक पहुँची है, इस तरह की फील्ड-लेवल साझेदारी के दीर्घकालिक लाभ को दर्शाती है। हरगोविंद ने अपने करियर की शुरुआत एक राजमिस्त्री के रूप में की और व्यावहारिक अनुभव के जरिए धीरे-धीरे निर्माण कार्य की गहरी समझ विकसित की। शुरुआत में उन्होंने कई सीमेंट ब्रांड्स के साथ काम किया, लेकिन एसीसी के साथ जुड़ाव उनके करियर में एक अहम मोड़ साबित हुआ। एसीसी इंजीनियरों के नियमित साइट विज़िट के कारण उन्होंने बेहतर निर्माण तकनीकों को अपनाया, जिससे उनके काम की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसके अलावा उन्होंने एसीसी के काइमोर प्लांट का दौरा कर सीमेंट निर्माण प्रक्रिया को समझा और सागर में आयोजित तकनीकी कार्यशालाओं में भाग लेकर अपनी विशेषज्ञता को और मजबूत किया। आज हरगोविंद सागर जिले में 12 से 13 निर्माण स्थलों का प्रबंधन कर रहे हैं और पूरी तरह से एसीसी के उत्पादों पर भरोसा करते हैं। एसीसी के रिवार्ड कनेक्ट कार्यक्रम के सक्रिय सदस्य के रूप में उन्होंने बीमा लाभ भी प्राप्त किया है और कंपनी की विभिन्न पहलों का लाभ उठाकर अपने कार्य को और बेहतर बना रहे हैं। उनकी यह कहानी दर्शाती है कि एसीसी का व्यावहारिक सहयोग किस तरह ठेकेदारों को टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ने और लगातार बेहतर परिणाम देने में मदद कर रहा है।

## रूनाया-ईकार्ट संयुक्त उद्यम ने झरसागुड़ा में भारत के पहले गैस एटोमाइज़्ड एलुमिनियम पाउडर के पहले चरण की शुरूआत की

**मुंबई, एजेंसी।** वेदांता ग्रुप की एक कंपनी रूनाया मेटसोर्स (रूनाया), जो सर्कुलर इकोनोमी एवं क्रिटिकल मैटल रिकवरी के लिए आधुनिक तकनीकी समाधान उपलब्ध कराती है, ने ईकार्ट के साथ मिलकर उड़ीसा के झरसागुड़ा स्थित ग्रीन, स्फेरिकल गैस-एटोमाइज़्ड एलुमिनियम पाउडर के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। गौरतलब है कि ईकार्ट एलुमिनियम ग्रेन्यूल्स एवं इफेक्ट पिगमेन्ट्स में ग्लोबल लीडर है, जिसका मुख्यालय जर्मनी में स्थित है।



इस अवसर पर अल्टाना एजी के सीईओ मार्टिन बबीलास और ईकार्ट के सीईओ डॉ क्रिस्चियन प्रज़ायबिला ने साईट का दौरा किया, उनके साथ रूनाया के मैनेजिंग डायरेक्टर नैवेद्य अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ट लीडर्स भी मौजूद रहे।

अल्टाना एजी ग्लोबल स्पेशलटी कैमिकल्स ग्रुप के रूप में संचालन करती है, वहीं ईकार्ट इफेक्ट पिगमेन्ट्स एवं अडवान्स्ड मटीरियल सोल्युशन्स में विशेषज्ञ सबसे महत्वपूर्ण प्रभागों में से एक के रूप में कार्यरत है। ये दोनों कंपनियां एक साथ मिलकर कैमिकल इनोवेशन क्षमता तथा ऐप्लीकेशन्स में तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग कर ऑटोमोटिव से लेकर कॉस्मेटिक्स एवं पैकेजिंग सहित विभिन्न उद्योगों को सहयोग प्रदान करेंगी।

यह प्रोजेक्ट का पहला चरण भी है, उम्मीद है कि इसका संचालन साल 2026 के अंत तक शुरू हो जाएगा। उद्योग जगत के अग्रणी प्लेयर्स पहले से इसमें रूचि दिखा रहे हैं। यह युनिट उच्च गुणवत्ता के एलुमिनियम पाउडर का उत्पादन करेगी, तथा आयात पर निर्भरता कम कर सस्टेनेबल एवं इंटीग्रेटेड वैल्यू चेन को समर्थन प्रदान करेगी। इस प्रकार यह भारत के आधुनिक मैनुफैक्चरिंग सेक्टरों जैसे एरोस्पेस, एविएशन, सोलर, कैटेलिस्ट एवं इफेक्ट पिगमेन्ट्स को सशक्त बनाने में योगदान देगी। इस अवसर पर मार्टिन बबीलास, सीईओ, अल्टाना एजी ने कहा, ''रूनाया के साथ हमारी साझेदारी टेक्नोलॉजी, सस्टेनेबिलिटी एवं इनोवेशन का शक्तिशाली संयोजन है। मजबूत स्थानीय विशेषज्ञता और ज़िम्मेदाराना निर्माण के लिए साझा प्रतिबद्धता के साथ रूनाया एक आदर्श साझेदार है। यह साझेदारी कार्बन न्यूट्रल निर्माण तथा दीर्घकालिक विश्वस्तरीय साझेदारियों के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाती है।''

नैवेद्य अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, रूनाया ने कहा, ''यह उपलब्धि हमारी टीमों द्वारा भारत में आधुनिक मटीरियल युनिट स्थापित करने की दिशा में सतत प्रगति को दर्शाती है। उच्च मूल्य के एलुमिनियम पाउडर के डोमेस्टिक निर्माण को सशक्त बनाकर यह संयुक्त उद्यम भारत की उस क्षमता को मज़बूत करता है, जिससे वह केवल बुनियादी धातुओं की आपूर्ति से आगे बढ़कर ऐसे इंजीनियर्ड मटीरियल्स के विकास की ओर बढ़ सके, जो उन्नत और मूल्य-आधारित उद्योगों को सहयोग प्रदान कर सके।

## मिस इंडिया प्रतिभागियों ने लिया प्रकृति और विरासत का अनुभव

**अहमदाबाद, एजेंसी।** उत्तर गुजरात के धारोई डैम और वडनगर इन दिनों पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। हाल ही में फेमिना मिस इंडिया 2023 की फर्स्ट रनर-अप श्रेया पूंजा और फेमिना मिस इंडिया 2024 की फर्स्ट रनर-अप रेखा पांडे ने इन स्थलों का दौरा कर यहां के प्राकृतिक और ऐतिहासिक सौंदर्य का अनुभव लिया। अहमदाबाद से करीब 80 किलोमीटर दूर स्थित धारोई डैम अपने विशाल जल क्षेत्र, पहाड़ियों और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। सिंचाई और जल प्रबंधन के उद्देश्य से बनाए गए इस डैम को अब इको-टूरिज्म और एडवेंचर गतिविधियों के लिए भी विकसित किया जा रहा है। यहां से नियंत्रित जल प्रवाह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी सहयोग देता है। धारोई की खासियत इसके बीच फैले छोटे-छोटे प्राकृतिक द्वीप हैं, जो इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाते हैं। सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य विशेष रूप से आकर्षक होता है। पर्यटकों के लिए यहां पैरासेलिंग, साइक्लिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, ज़िपलाइन और बोटिंग जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जा चुकी हैं। दौरे के दौरान श्रेया पूंजा ने कहा कि धारोई का शांत वातावरण और प्राकृतिक विस्तार इसे एक्सपीरिएंशल स्टे और इको-रिसॉर्ट्स के लिए उपयुक्त बनाता है। वहीं, धारोई से लगभग एक घंटे की दूरी पर स्थित वडनगर अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। करीब 2500 वर्ष पुराने इस शहर में हिंदू, बौद्ध और जैन परंपराओं की झलक देखने को मिलती है। यहां प्राचीन संरचनाओं और बसावट के प्रमाण भी मिले हैं। वडनगर के प्रमुख आकर्षणों में कीर्ति तोरण, हाटकेश्वर महादेव मंदिर और शर्मिष्ठा झील शामिल हैं, जहां इतिहास, आस्था और वास्तुकला का अनूठा संगम देखने को मिलता है। हाल ही में शुरू हुआ आर्कियोलॉजिकल एक्सपीरिएंशल म्यूज़ियम भी पर्यटकों को शहर के अतीत से जोड़ने का काम कर रहा है।

## एनबीबीएल के बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म से जुड़ा एक्सिस बैंक

**भोपाल।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) ने घोषणा की है कि देश के प्रमुख निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक अब उसके बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म से जुड़ गया है। इस जुड़ाव के बाद बैंक के 3.7 करोड़ ग्राहकों को भारत के 4,800 से अधिक व्यापारियों के यहां तेज और आसान भुगतान का अनुभव मिलेगा। इससे भुगतान की प्रक्रिया पहले से ज्यादा सरल और सुविधाजनक हो जाएगी। अब बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म देश के आठ प्रमुख बैंकों के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इसके साथ ही यह प्लेटफॉर्म 11 भुगतान सेवा प्रदाताओं से भी जुड़ा हुआ है। इस बढ़ते दायरे से साफ है कि यह प्लेटफॉर्म तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसे अपनाना आसान है। यह व्यवस्था धीरे-धीरे ऐसी बैंकिंग प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां अलग-अलग बैंकों के बीच भुगतान आसानी से और एक समान तरीके से हो सके, जिससे सभी जुड़े पक्षों को अधिक सुविधा और बेहतर कार्यक्षमता मिलती है।

एनबीबीएल की एमडी और सीईओ नूपुर चतुर्वेदी ने कहा, बैंकिंग कनेक्ट धीरे-धीरे पूरे सिस्टम में नेट बैंकिंग भुगतान के तरीके को बदल रहा है। इस मंच को तेजी से अपनाया जाना यह दिखाता है कि हमारे साझेदार और ग्राहक एनबीबीएल की व्यवस्था पर भरोसा करते हैं। हमारा ध्यान ऐसे आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल ढांचे बनाने पर है, जो ग्राहकों के भुगतान अनुभव को बेहतर बनाए और कारोबार के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाए। एक्सिस बैंक का जुड़ना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जिससे हम भारत के डिजिटल भुगतान लक्ष्य को और मजबूत कर रहे हैं।

एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हैड (कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट), अर्णिका दीक्षित ने कहा- बैंकिंग कनेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ हमारा जुड़ना ग्राहकों के लिए नेट-बैंकिंग भुगतान को सरल और एक समान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस एक साझा प्लेटफॉर्म (इंटरोपरेबल स्विच) का उपयोग करके हम तकनीकी तालमेल को बेहतर बना सकते हैं और ग्राहकों को भुगतान के समय एक सहज अनुभव दे सकते हैं। डिजिटल भुगतान के इस बदलते दौर में हमारा ध्यान ऐसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर है, जो एक्सिस बैंक के ग्राहकों की सुविधा बढ़ाएं और भारत के डिजिटल पेमेंट ईकोसिस्टम को और मजबूत करें।

बैंकिंग कनेक्ट भारतीय रिजर्व बैंक के पेमेंट विजन 2028 के लक्ष्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है, जो देश में सुरक्षित और साझा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का काम करता है। इसकी सुरक्षा प्रणाली बैंकों के स्तर की जांच और केंद्रीकृत निगरानी पर आधारित है।

## अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने यूसीईडी 2026 रैंकर्स के लिए 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने यूसीईडी 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति पहल की घोषणा की है। एआई 250 तक रैंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिसके अंतर्गत उनकी पूरी ट्यूशन फीस और हॉस्टल फीस माफ की जाएगी।

इसके साथ ही यूसीईडी -योग्य उम्मीदवारों को प्रवेश प्रक्रिया में एक अतिरिक्त सुविधा भी दी जाएगी। उन्हें यूसीईडी प्रवेश परीक्षा से छूट मिलेगी और बैचलर ऑफ डिज़ाइन (बीडेस) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए सीधे इंटरव्यू का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह सरल और सुव्यवस्थित प्रक्रिया यूसीईडी की विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिससे डिज़ाइन के क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। यह पहल विश्वविद्यालय की उस व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है जिसके तहत प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना विश्वस्तरीय डिज़ाइन शिक्षा तक पहुंच प्रदान करना लक्ष्य है। योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति के अलावा, विश्वविद्यालय जरूरतमंद छात्रों को आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है, जिसमें आंशिक से लेकर पूर्ण ट्यूशन फीस माफी तक शामिल हो सकती है। यह सहायता विश्वविद्यालय की



आर्थिक सहायता समिति द्वारा छात्रों की पारिवारिक आय, बचत, निवेश और शिक्षा ऋण जैसे विभिन्न आर्थिक पहलुओं का समग्र मूल्यांकन करने के बाद तय की जाती है। इस पहल पर बात करते हुए युवराजसिंह झाला, चीफ फाइनेंस और अकाउंट्स ऑफिसर तथा हे ऑफिस ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेस, ने कहा, अनंत की दृष्टि के अनुरूप हम प्रतिभा में एक रणनीतिक निवेश कर रहे हैं। 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति, जिसमें आवास की सुविधा भी शामिल है, का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के प्रतिभाशाली छात्र डिज़ाइन को अपने करियर के रूप में चुनें, भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों की मजबूत पाइपलाइन बने और इस क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानक और ऊंचे हों। विश्वविद्यालय रक्षा कर्मियों के परिवारों के लिए भी एक समर्पित छात्रवृत्ति ढांचा प्रदान करता है, जिसके तहत पात्र छात्रों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति दी जा सकती है। इन सभी पहलों के माध्यम से अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी यह संदेश देती है कि उच्च गुणवत्ता वाली डिज़ाइन शिक्षा आर्थिक सीमाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विश्वविद्यालय देशभर के विभिन्न आर्थिक, भाषाई, भौगोलिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को डिज़ाइन शिक्षा प्राप्त करने और सार्थक, भविष्य के लिए तैयार करियर बनाने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सैमसंग ने कैशबैक, ईएमआई ऑफर्स के साथ गैलेक्सी ए57, ए37 की बिक्री शुरू की

### 'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' के तहत अब सिर्फ 1625 रूपये प्रति माह में उपलब्ध

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने नए गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी स्मार्टफोन की बिक्री 10 अप्रैल से शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि नई ए सीरीज़ खासतौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसमें एक टिकाउ एवं आकर्षक स्लिम डिजाइन में बेहतर कैमरा, दमदार परफॉर्मेंस और एआई फीचर्स का संयोजन मिलता है। गैलेक्सी ए57 5जी तीन रंगों–ऑसम नेवी, ऑसम आइसीब्लू और ऑसम लिलैक–में उपलब्ध होगा। इसकी कीमत 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 56,999 रूपये और 12जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 62,499 रूपये रखी गई है। वहीं, गैलेक्सी ए37 5जी ऑसम लैवेंडर, ऑसम ग्रेग्रीन और ऑसम चारकोल रंगों में आएगा, जिसकी शुरुआती कीमत 8जीबी/128जीबी वेरिएंट के लिए 41,999 रूपये, 8जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 47499 रुपये और 12जीबी/256जीबी वेरिएंट के लिए 52999 रुपये है। ग्राहक गैलेक्सी ए57 और गैलेक्सी ए37 5जी को



'ट्रिपल ज़ीरो स्कीम' के तहत खरीद सकते हैं, जिसमें बिना डाउन पेमेंट, बिना ब्याज और बिना झंझट की सुविधा मिलती है। ये स्मार्टफोन सैमसंग डाट काम, सैमसंग के एक्सक्लूसिव और पार्टनर स्टोर्स के साथ-साथ अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे। दोनों स्मार्टफोन्स में 50 एमपी का मुख्य कैमरा दिया गया है, जिसमें बेहतर इमेज प्रोसेसिंग के साथ 'नाइटोग्राफी' फीचर मिलता है, जिससे कम रोशनी में भी साफ और डिटेल्ड फोटो ली जा सकती हैं। इसके अलावा, इनमें अल्ट्रा-वाइड और मैक्रो लेंस के साथ 12 एमपी का एचडीआर फ्रंट कैमरा भी दिया गया है, जो फोटो और वीडियो में बेहतर और संतुलित आउटपुट देता है।

## इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्मटिकट ने स्विगी के साथ की साझेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी एआई-आधारित ट्रेन टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स इक्सिगो ट्रेन्स और कन्फर्मटिकट ने 'फूड ऑन ट्रेन' सर्विस को बढ़ावा देने के लिए देश के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनिएंस प्लेटफॉर्म स्विगी (स्विगी लिमिटेड, एनएसइ स्विगी /बीएसई 544285) के साथ साझेदारी की है। स्विगी के रेस्टोरेन्ट नेटवर्क को इक्सिगो और कन्फर्मटिकट ऐप्स के साथ इंटीग्रेट कर, यह साझेदारी सफ़र पर निकले यात्रियों की 'फूड' संबंधी ज़रूरतों को पूरा करेगी, वे रेल यात्रा के दौरान भी स्विगी की उन्हीं भरोसेमंद सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जैसे वे अपने घर में बैठे फूड ऑर्डर करते हैं।

इस साझेदारी पर बात करते हुए श्रीपद वैद्य, सीओओ, इक्सिगो ट्रेन्स एंड कन्फर्मटिकट ने कहा, ''हम हमेशा से रेल यात्रा के हर पहलु को आसान बनाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। स्विगी के साथ साझेदारी के द्वारा हम रेल यात्रा के बारे में अपनी समझ और स्विगी के मजबूत रेस्टोरेन्ट नेटवर्क को संयोजित कर 'फूड ऑन ट्रेन' का विकल्प लेकर आए हैं। यह साझेदारी हमें ज़्यादा विकल्पों, विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के साथ यात्रियों की सीट तक समय पर एवं हाइजीनिक फूड डिलीवर करने में सक्षम बनाती है।''

इस अवसर पर दीपक मालू, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, फूड स्ट्रैटेजी, कस्टमर एक्सपीरिएंस एंड न्यू इनीशिएटिव्स, स्विगी ने कहा, ''भारतीय रेलवे के साथ रोज़ाना 18 मिलियन से अधिक यात्री




लम्बी दूरी की आरक्षित यात्रा करते हैं, लेकिन भूख प्लेटफॉर्म पर रूकती नहीं है। इक्सिगो ट्रेन्स एवं कन्फर्मटिकट के साथ हमारी पार्टनरशिप 160 से अधिक स्टेशनों को कवर करते हुए स्विगी के भरोसेमंद रेस्टोरेंट नेटवर्क को सीधे रेल यात्रियों के साथ जोड़ती है। इसके ज़रिए लाखों यात्री रेल यात्रा के दौरान भी उसी गुणवत्ता की आसान फूड डिलीवरी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिसकी उम्मीद वे अपने घर में करते हैं।''

इस साझेदारी के ज़रिए यात्री लोकप्रिय नेशनल ब्रांड्स से लेकर जाने-माने स्थानीय व्यंजनों तक अपनी पसंद का खाना ऑर्डर कर सकेंगे और यात्रा के दौरान अपने पसंदीदा या रास्ते में पड़ने वाले शहरों के खास क्षेत्रीय व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकेंगे। यह सर्विस रेल यात्रियों के सफ़र को अधिक आसान बनाने के लिए डिज़ाइन की गई है, ताकि वे अपनी सीट या बर्थ पर बैठे-बैठे अपने पसंदीदा व्यंजनों की डिलीवरी का लाभ उठा सकें। इस साझेदारी के साथ, रेल यात्री चुनिंदा मैन्यु देख सकते हैं, भारत के 160 से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों पर 40,000 से अधिक भरोसेमंद रेस्टोरेंट पार्टनर्स से ताज़ा और हाइजीनिक फूड ऑर्डर कर सकते हैं। साथ ही, वे अपने ऑर्डर को रियल टाइम में ट्रैक भी कर सकते हैं और सीधे अपनी ट्रेन की सीट पर डिलीवरी पा सकते हैं। यात्री ट्रेन आने से 4 दिन पहले से लेकर 30 मिनट पहले तक भी खाना बुक कर सकते हैं। इसके अलावा स्विगी ट्रेन से किए जाने वाले सभी फूड ऑर्डर्स के लिए अश्योर्ड डिलीवरी या फुल रिफंड' की सुविधा भी देता है। उपभोक्ता अपने इक्सिगो या कन्फर्मटिकट ऐप को अपडेट करके 'फूड ऑन ट्रेन' पर उपलब्ध स्विगी रेस्टोरेंट्स की लिस्ट देख सकते हैं। ऑर्डर करने के लिए, उन्हें इक्सिगो ट्रेन्स या कन्फर्मटिकट ऐप के होम पेज पर 'फूड ऑन ट्रेन' का विकल्प चुनना होगा, अपना पीएनआर नंबर एंटर करना होगा और डिलीवरी स्टेशन चुनना होगा। इसके बाद वे स्विगी रेस्टोरेन्ट पार्टनर्स की व्यापक रेंज को ब्राउज़ कर सकेंगे तथा पेमेंट करने के बाद अपने ऑर्डर को लाइव ट्रैक कर सकेंगे।

## जी5 ने 'एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा' का ट्रेलर जारी किया

**मुंबई, एजेंसी।** जी5 ने अपनी आने वाली फिल्म एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह एक स्टाइलिश मर्डर मिस्ट्री फिल्म है, जिसे अपलॉज़ एंटरटेनमेंट और मिथ्या टॉकीज़ ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म के लेखक और निर्देशक प्रसिद्ध फिल्ममेकर और अभिनेता रजत कपूर हैं। यह फिल्म सीधे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी और 10 अप्रैल से हिंदी जी5 पर स्ट्रीम होगी। इस फ़िल्म में नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले और ज़बरदस्त परफ़ॉर्मर कलाकारों की एक दमदार टीम है — जिसमें विनय पाठक, रणवीर शौरी, वालुशा डिसूज़ा, सौरभ शुक्ला, नील भूपालम, कोयल पुरी, चंद्रचूड़ राय, पालोमी घोष और खुद रजत कपूर शामिल हैं। यह फ़िल्म एक क्लासिक हूडनिट वाली कहानी है, जिसे एक बिल्कुल नए, आज के ज़माने के और थोड़े गहरे-मज़ेदार नज़रिए से दिखाया गया है। कहानी के केंद्र में सोहराब हांडा (विनय पाठक द्वारा अभिनीत) हैं, एक तीखी ज़ुबान वाला, बदतमीज़ और घमंडी व्यक्ति, जिसकी चुभती बातों और निडर अहंकार की वजह से वह किसी भी कमरे में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है। लोग उसकी ईमानदारी के लिए उसे सहन करते हैं, लेकिन उसकी घमंड भरी आदतों से उसे अंदर ही अंदर नापसंद करते हैं। सोहराब को दूसरों को परेशान करना और उनकी भावनाओं को चुनौती देना पसंद है।



## शादी के बाद काम पर लौटीं

# कृतिका कामरा

बॉलीवुड अभिनेत्री कृतिका कामरा ने शादी के बाद काम पर वापसी कर ली है। कृतिका कामरा ने अपनी शादी के तुरंत बाद फिर से काम शुरू कर दिया है और पूरी तरह से अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स में जुट गई हैं। शादी के बाद उन्होंने थोड़ा सा ब्रेक लिया, लेकिन अब वह अपनी आने वाली सीरीज़ मटका किंग के प्रमोशन और साथ ही अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त हैं। शादी के बाद कृतिका और उनके पति गौरव कपूर ने गोवा में तीन-चार दिन का छोटा सा ब्रेक लिया था, लेकिन दोनों के बिज़ी शेड्यूल के कारण वे जल्दी ही अपने-अपने काम पर वापस लौट आए। जहां गौरव आईपीएल के चलते अपने काम में लग गए, वहीं कृतिका भी तुरंत अपने प्रमोशन्स और शूटिंग में जुट गईं। करीबी सूत्रों के अनुसार ,कृतिका अपने समय को बहुत अच्छे से मैनेज कर रही हैं और मटका किंग के प्रमोशन के साथ-साथ अपनी फिल्म की शूटिंग भी कर रही हैं। उनका यह कमिटमेंट उनके काम के प्रति उनके जुनून को दिखाता है। कृतिका कामरा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत खूबसूरत और खास समय था, लेकिन मैंने पहले से ही तय किया था कि मैं शादी से पहले और बाद में ज्यादा लंबा ब्रेक नहीं लूंगी। मैं और गौरव दोनों फिर से अपने काम पर वापस आ गए हैं और नई एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं। मैं मटका किंग को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म की शूटिंग पर वापस जाना भी मेरे लिए खास है, जिसके लिए मैं ट्रेनिंग कर रही हूं। आगे काफी काम है, लेकिन मुझे यही पसंद है।

## सलमान खान स्टारर 'मातृभूमि - मे वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' हुआ रिलीज़




सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना *'मेरा जी नहीं भरा'* रिलीज कर दिया है। यह सुकून देने वाला रोमांटिक ट्रैक रिलीज होते ही लोगों के दिलों को छू रहा है। ज़ैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। 'मेरा जी नहीं भरा' एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आँखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। इंडियन सिनेमा के सबसे यादगार रोमांटिक गानों को अपनी आवाज़ देने वाली श्रेया घोषाल और अपनी रूहानी आवाज़ के लिए मशहूर विशाल मिश्रा, अब सलमान खान की फिल्म के इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज़ किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप ज़ीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। 'फर्रे' और 'क्लास' व 'स्ट्रेंज सिटी' जैसी OTT सीरीज़ के लिए पहचाने जाने वाले ज़ैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं। वहीं, अभिश्री सेन इस फिल्म के साथ एक प्रॉमिसिंग डेब्यू कर रही हैं। यह गाना न केवल 'मातृभूमि' में रोमांस का तड़का लगाता है, बल्कि मुश्किल हालातों में प्यार और इंसानियत ढूंढने की इसकी थीम को भी पूरा करता है। सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमान खान द्वारा प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस', बहादुरी, बलिदान और हिम्मत की एक सच्ची कहानी पेश करने का वादा करती है। फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

## छोटे उस्तादों के साथ थिरकीं नीरू बाजवा, 'जवाक' के सेट से शेयर की मस्ती भरी झलक



पंजाबी और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही फिल्म 'जवाक' में नजर आएंगी। नीरू ने सॉन्ग 'जवाक' की शूटिंग का मजेदार बीटीएस वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो इसलिए भी खास और मजेदार लग रहा है क्योंकि इसमें नीरू बच्चों के साथ मस्ती कर रही हैं और उनकी एनर्जी को मैच करते हुए डांस कर रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'संभलकर...छोटे-छोटे बच्चों में भी बहुत ज्यादा टैलेंट होता है। वाहेगुरु हमेशा आपको खुश और तरक्की में रखे। हमारी फिल्म जवाक जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।' शूटिंग के दौरान बच्चों के साथ उनका यह मजेदार वीडियो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। सॉन्ग 'जवाक' काफी मजेदार है। इसमें नीरू बच्चों के साथ डांस करती दिख रही हैं। गाने को बरी राय ने लिखा है, जबकि संभी ने इसका संगीत तैयार किया है। गाना सभी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है और इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म 'जवाक' का निर्देशन जतिंद्र महुअर जबकि निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट जगदीप वारिंग ने लिखी है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बला की हसीन लगती हैं डकैत एक्ट्रेस

# मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में हैं। फैंस उन्हे फिल्म में देखने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। ऐसे में हैं उनकी दिलकश फोटोज, जो फैंस को दिवाना बना रही हैं। मृणाल ठाकुर ने अपनी दमदार एक्टिंग और खूबसूरती से फिल्म इंडस्ट्री में खास जगह बनाई है। वो जल्द ही फिल्म 'डकैत' में नजर आने वाली हैं। बड़े पर्दे पर उन्हें देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म के साथ-साथ एक्ट्रेस अक्सर अपने लुक्स को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। इस फिल्म में वो एक्टर अदिवि शेष के साथ नजर आएंगी। 'डकैत' एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बला की हसीन हैं। एक्ट्रेस एक्टिंग के साथ-साथ अपने लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। बता दें, 'डकैत' एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बला की हसीन हैं। एक्ट्रेस एक्टिंग के साथ-साथ अपने लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। मृणाल ठाकुर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं. उन्हें 15.9 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

## भूमिका चावला ने साझा की 28 साल पुरानी यादें अपने फिल्मी सफर की दिखाई झलक



बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री भूमिका चावला ने जीवन के 28 साल पुराने पन्नों को याद किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए अपनी फिल्मी यात्रा और जीवन में निभाए गए कई अलग-अलग रोल्स के अनुभवों को फैंस के साथ साझा किया। भूमिका ने इंस्टाग्राम पर कुछ पुराने फोटो शेयर किए, जिन्हें मशहूर फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी ने शूट किया था। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, ''कितना समय बीत गया है। जीवन तस्वीरों में कैद है... 1998 की ये तस्वीर है, 28 साल कैसे निकल गए, लगता है जैसे एक उम्र बीत गई।'' भूमिका ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने अलग-अलग किरदारों के बारे में भी लिखा। उन्होंने कहा, 'जीवन में मैंने कई भूमिकाएं निभाई - एक बेटी, पत्नी, मां, बहन और दोस्त। इन सभी अनुभव ने मुझे मजबूत बनाया और जीवन की सीख प्रदान की।'' उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही आती हैं। इन दोनों से ही इंसान सीखता है और मजबूत बनता है। फिल्मी दुनिया में आने से पहले और उसके दौरान कई चुनौतियां थीं, लेकिन हर चुनौती ने उन्हें और ज्यादा समझदार और बहुआयामी कलाकार बनाया। अभिनेत्री के बारे में बात करें, तो भूमिका का असली नाम रचना चावला है। उन्होंने 2000 में तेलुगु फिल्म 'युवकुडु' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई सफल साउथ इंडियन फिल्मों में काम किया, जिनमें 'जय चिरंजीवी', 'सिल्लुनू ओरु काधल', 'बद्री', 'खुशी', 'ओक्काडु', 'सिंहाद्री' और 'मिडिल क्लास अब्बाई' शामिल हैं। भूमिका का बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'तेरे नाम' (2003) से हुआ, जिसमें उन्होंने सलमान खान के साथ काम किया। यह फिल्म तमिल फिल्म 'सेथु' की रीमेक थी और रिलीज के समय इसे कल्ट क्लासिक माना गया। भूमिका चावला को आखिरी बार फिल्म 'स्कूल' में देखा गया, जो 2025 में तमिल में रिलीज हुई थी। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन आर. के. विद्याधरन ने किया।

## रिजेक्शन एक्टर के डीएनए में है

# साकिब सलीम

डेब्यू फिल्म के लिए 7-8 महीने ऑडिशन दिए, पहला एड नहीं मिलता तो फैमिली बिजनेस संभालता वेब सीरीज 'कप्तान' को लेकर साकिब सलीम चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने किरदार, तैयारी और एक्टिंग प्रोसेस साझा किया। वे प्रोजेक्ट चुनने से पहले स्क्रिप्ट और डायरेक्टर का विजन समझते हैं। 'कप्तान' में किरदार को रियल बनाने के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ ह्यूमर और इंसानी कमजोरियां जोड़ीं। उन्होंने फिल्म '83' के 6 महीने के क्रिकेट ट्रेनिंग एक्सपीरियंस को करियर का खास फेज बताया। साथ ही शुरुआती दिनों, यश राज फिल्म्स के साथ डेब्यू और ऑडिशन स्ट्रगल पर बात की। उन्होंने कहा कि आज भी वे सीखने और खुद को बेहतर बनाने में विश्वास रखते हैं। मैं एक दोस्त के साथ ऑडिशन देने गया था, उसका नहीं हुआ और मेरा हो गया। पहला काम एक ऐड में मिला, जिसके लिए 25 हजार रुपए मिले। मैं टाइमपास के लिए गया था। शाम को फोन आया कि आप सिलेक्ट हो गए हैं, 25 हजार का बजट है। मैं घबरा गया और बोला कि मेरे पास 25 हजार नहीं है देने के लिए, लगा मुझे पैसे देने पड़ेंगे। फिर उन्होंने हंसकर कहा कि आपको पैसे मिलेंगे। अगर पहला ऐड नहीं मिलता, तो मैं दिल्ली जाकर फैमिली बिजनेस संभालता। मैं पापा से कहकर आया था कि एक साल खुद को एक्सप्लोर करना चाहता हूं। थोड़ा झूठ बोला, क्योंकि सीधे बोलता तो शायद मानते नहीं। उसी साल फिल्म मिल गई, फिर उन्हें मनाने की जरूरत नहीं पड़ी।



## इन यादों को किसी चीज से नहीं बदल सकती : शिल्पा शेट्टी



आम लोगों की तरह ही फिल्मी सितारे भी अपने परिवार के साथ बिताए पलों को बेहद संजोकर रखते हैं और खास मौकों पर उन्हें फैंस के साथ साझा करते हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सिब्लिंग्स डे के अवसर पर अपनी छोटी बहन शमिता शेट्टी के साथ बिताई यादों को साझा किया। शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके बचपन से लेकर अब तक के कई अनदेखे पल शामिल हैं, जिसमें दोनों बहनों की मस्ती, हंसी और उनके बीच की गहरी बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। वीडियो में अलग-अलग तस्वीरों के साथ मजेदार लाइन्स भी लिखी गई है। कुछ तस्वीरों में दोनों अलग अंदाज में खड़ी नजर आ रही हैं, तो कहीं खाने की बात सुनते ही उनका उत्साह देखने को मिल रहा है। वीडियो के साथ शिल्पा ने रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'तमाशा' का गाना 'मटरगश्ती' का इस्तेमाल किया। इस गाने को मोहित चौहान ने गाया। गाने की मस्ती और वीडियो का इमोशन एक-दूसरे के साथ पूरी तरह मेल खा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी ने कैप्शन में लिखा, ''बहनों का रिश्ता प्यार, पागलपन और यादों का ऐसा संगम होता है, जिसे मैं कभी किसी भी चीज के लिए बदलना नहीं चाहूंगी।'' अगर शमिता शेट्टी की बात करें, तो उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'बेवफा', 'जहर' और 'कैश' जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्मों के अलावा उन्होंने कई चर्चित रियलिटी शो में भी हिस्सा लिया, जिससे उन्हें घर-घर में पहचान मिली।

(साभार एजेंसी)

## ब्राजील की गेंदबाज ने किया कमाल, चटकाए 9 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील की तेज गेंदबाज लॉरा कारडोसो ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह पुरुषों या महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक ही पारी में नौ विकेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। कारडोसो ने लेसोथो के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए चार रन देकर नौ विकेट



चटकाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े है। लेसोथो की टीम 13 रन पर सिमट गई।लॉरा कारडोसो ने गैबोरोन में बोत्सवाना क्रिकेट संघ ओवल दो मैदान पर बीसीए कालाहारी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल की। पिछला रिकॉर्ड भूटान की सोनम येशे के नाम था जिन्होंने 2025 में पुरुषों के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में म्यांमार के खिलाफ सात रन देकर आठ विकेट लिए थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार महिलाओं के टी20 अंतरराष्ट्रीय में कारडोसो ने इंडोनेशिया की रोहमालिया के 2024 में मंगोलिया के खिलाफ बिना रन के सात विकेट चटकाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गुरुवार को हुए मैच में ब्राजील ने रॉबर्टा एवरी (35 गेंद पर 48 रन) और मोनिके मचाडो (41 गेंद पर नाबाद 69 रन) की शानदार पारियों की मदद से 202 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

## आयुष शेट्टी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को हराया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आयुष शेट्टी ने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। आयुष शेट्टी पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को मात दी है। भारत के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस तरह आयुष ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 25वीं रैंकिंग के शेट्टी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में क्रिस्टी को 23-21, 21-17 को हराया। टूर स्तर पर शेट्टी और क्रिस्टी के बीच यह पहला मुकाबला था। क्रिस्टी एशियाई खेलों और एशियन चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। इतना ही वह 2020 में थॉमस कप जीतने वाली इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे। यूएस ओपस सुपर 300 के गत चैंपियन शेट्टी ने इससे पहले गुरुवार को राउड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग के ची यू जेन को हराया था।

**बिली जीन किंग कप**

## भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ मिली हार

नई दिल्ली, एजेंसी। बिली जीन किंग कप ग्रुप-I एशिया/ओशिआना मुकाबलों में भारत को गुरुवार को इंडोनेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में इंडोनेशिया ने दोनों सिंगल्स मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली। पहले सिंगल्स मुकाबले में वैष्णवी अडकर को प्रिस्का मैडेलिन नुग्रोहो के खिलाफ कड़े मुकाबले में 7-6(3), 6-7(3), 6-3 से हार झेलनी पड़ी। मैच काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां अडकर ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए मुकाबला निर्णायक सेट तक पहुंचाया, लेकिन तीसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। दूसरे सिंगल्स में सहजा यमलापल्ली को जेनिस त्जेन के खिलाफ 6-2, 6-1 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा, जिससे इंडोनेशिया ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। खबर लिखे जाने तक रुतुजा भोसले और अंकिता रैना इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ डबल्स मुकाबला खेल रही थीं। अन्य मुकाबलों में कोरिया गणराज्य ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। दायोन बैक ने वैलेंटिना इवानोव को 7-5, 6-3 से हराया, जबकि सोह्युन पार्क ने मोनिक बैरी को 6-0, 6-1 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। कोरिया और इंडोनेशिया दोनों ही टीमें अब तक अपने सभी मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष पर बनी हुई हैं।



## ब्रागा और रियल बेटिस के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर

**ब्रागा, एजेंसी।** यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एस्टाडियो म्युनिसिपल डे ब्रागा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में ब्रागा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और इसका फायदा उन्हें जल्दी ही मिल गया। डिएगो रोड्रिग्स के कॉर्नर पर फ्लोरियन ग्रिलिट्श ने शानदार फ्लिक के जरिए गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस शुरुआती गोल ने घरेलू टीम को आत्मविश्वास दिया और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, रियल बेटिस ने धीरे-धीरे वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में मार्क बार्ट्रा ने हेडर के जरिए बराबरी का मौका बनाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। इसके बाद भी बेटिस ने दबाव बनाए रखा और ब्रागा के गोलकीपर लुकास हॉर्निसेक को कई बार सतर्क रहना पड़ा, खासकर कुचो हर्नांडिज के क्लोज-रेंज



हेडर को रोकते समय।दूसरे हाफ में मैच और रोमांचक हो गया। बेटिस ने आक्रमण को तेज करने के लिए बदलाव किए, जिसमें विंगर एंटनी को मैदान पर उतारा गया। हालांकि, ब्रागा ने भी मौके बनाए और ग्रिलिट्श का एक शॉट गोलकीपर पाऊ लोपेज ने शानदार तरीके से बचाया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब ब्रागा के जीन-बैप्टिस्ट गोर्बी ने बॉक्स में फाउल कर दिया, जिससे बेटिस को पेनल्टी मिली। कुचो हर्नांडेज ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई और गोल नहीं हो सका। अब यह मुकाबला दूसरे लेग में तय होगा, जो 16 अप्रैल को सेविले में खेला जाएगा।



## बाबर आजम ने तोड़ा गेल का रिकार्ड, सबसे तेज 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के स्टार बैटर बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 के 15वें मुकाबले में कराची किंग्स के खिलाफ खेली नाबाद 87 रन की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इस पारी के दम पर बाबर ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

बाबर आजम ने पेशावर जाल्मी के लिए खेलते हुए कराची किंग्स के खिलाफ 51 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से नाबाद 87 रन की पारी खेली जबकि कुसल मेंडिस ने 52 गेंदों पर 109 रन बनाए और इस पारी के दौरान 4 छक्के और 14 चौके भी लगाए। इन दोनों की पारी के दम पर पेशावर ने कराची के खिलाफ 20 ओवर में 3 विकेट पर 246 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### बाबर ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

बाबर आजम ने पीएसएल 2026 के 15वें मैच में कराची के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाए और टी20 क्रिकेट में अपने 12000 रन पूरे कर लिए। यही नहीं वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर भी बने। बाबर आजम ने ये कमाल 338 पारियों में किया और गेल से आगे निकल गए जिन्होंने ऐसा 343 पारियों में किया था।

टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने ऐसा 360 पारियों में किया था जबकि डेविड वार्नर ने ऐसे 368 पारियों में किया था और वो चौथे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में रोहित शर्मा 9वें नंबर पर हैं जिन्होंने 443 पारियों में अपने 12 हजार टी20 रन पूरे किए थे।

### टी20 प्रारूप में सबसे कम पारियों में 12 हजार रन बनाने वाले टॉप-11 बैटर

| | |
|---|---|
| 338 पारी | बाबर आजम |
| 343 पारी | क्रिस गेल |
| 360 पारी | विराट कोहली |
| 368 पारी | डेविड वार्नर |
| 405 पारी | जोस बटलर |
| 406 पारी | फाफ डु प्लेसिस |
| 416 पारी | जेम्स विंस/क्विंटन डिकॉक |
| 432 पारी | एलेक्स हेल्स |
| 443 पारी | रोहित शर्मा |
| 451 पारी | शोएब मलिक |
| 550 पारी | कीरोन पोलार्ड |

## महज 17 की उम्र में रेस वॉकिंग में एलिश एक्का ने रच दिया इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के महज 48 घंटे के भीतर जब कोई 17 साल की छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पोडियम पर पदक के साथ खड़ी हो तो वह पल किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के एक साधारण से गांव संतोषपुर की एलिश एक्का ने कुछ ऐसा ही किया है। एलिश एक्का के गले में चमकता रजत पदक सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि उनकी मां के अथाह त्याग और अदम्य साहस का एक सुंदर उदाहरण भी है।

एलिश की कहानी की शुरुआत हॉकी के मैदान से होती है। एलिश की मां प्रमिला एक्का खुद राज्य स्तर की हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं। प्रमिला को पारिवारिक जिम्मेदारियां और आर्थिक तंगी के कारण अपना खेल छोड़ना पड़ा था।

मां की तरह एलिश ने भी बतौर स्ट्राइकर हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा। हालांकि, टीम स्पोर्ट्स में मिलने वाले सीमित अवसरों ने एलिश को अपने खेल सफर पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर किया।

ऐसा विचार आने के बाद एलिश ने गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित 'बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम' के कोचों से बात की और फिर हॉकी छोड़कर 'रेस वॉकिंग' में करियर बनाने का बेहद साहसिक कदम उठाया।

पढ़ाई, कड़ी मेहनत और शानदार जीत

एलिश ने पिछले दो साल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी और कड़ी ट्रेनिंग के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। अभ्यास के लिए एलिश को अक्सर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस अनवरत मेहनत का फल तब मिला जब एलिश ने जगदलपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (चट्ठज्ञल) 2026 में महिला दस हजार मीटर रेस वॉक में 1:04:59 का समय निकालकर रजत पदक जीता।

एलिश एक्का के मुताबिक, ''शुरुआत में यह बहुत मुश्किल था क्योंकि मैंने पहले कभी रेस वॉक नहीं की थी, लेकिन कोच ने मुझसे कहा कि अगर कड़ी मेहनत करूंगी तो इस खेल में अच्छा कर सकती हूं। मैंने उन पर भरोसा किया और अपना सर्वश्रेष्ठ देने का फैसला किया।''एलिश एक्का की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स (खेलो इंडिया जनजातीय खेल) के लिए रवाना होने से ठीक एक दिन पहले ही उन्होंने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दी थी।एलिश एक्का ने बताया, ''मेरे पास (केआईटीजी) की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था। मैंने परीक्षा खत्म की और यह सोचकर यहां आई कि बस अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। जब मैंने फिनिश लाइन पार की और महसूस किया कि मैंने पदक जीत लिया तो सबकुछ बहुत अविश्वसनीय लगा।'' एलिश की उपलब्धि के पीछे मां प्रमिला का लंबा संघर्ष छिपा है। चार लोगों के परिवार में प्रमिला इकलौती कमाने वाली हैं। वह ज्वेलरी स्टोर में काम करती हैं और करीब पांच हजार रुपया महीना कमाती हैं। इस मामूली आय में वह न सिर्फ घर चलाती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि एलिश और कक्षा 3 में पढ़ने वाले उनके बेटे की हर इच्छा पूरी हो।

## नूपुर ने की रैंप वॉक जीता फैंस का दिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर नूपुर श्योराण ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह साड़ी में रैंप वॉक करती बेहद खूबसूरत नजर आई। वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडलिस्ट नूपुर श्योराण ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह रैंप वॉक कर रही थी। लाल रंग की साड़ी में वह बेहद खूबसूरत और किसी हिरोइन से कम नहीं लग रही थी। ये वीडियो उन्होंने जनवरी में शेयर किया था। फैंस ने भी इस वीडियो को खूब प्यार दिया और एक यूजर ने लिखा, 'आप रवीना टंडन की तरह लग रही हों।' इसी इवेंट का उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया, जिसके साथ कैप्शन में लिखा, 'आपको कोम्प्रोमाईज़ नहीं करना चाहिए, जब आप दोनों चीजें कर सकती हों।' वीडियो के पहले हिस्से में वह बॉक्सिंग कर रही हैं और दूसरे हिस्से में रैंप वॉक। लाल रंग की साड़ी, खुले बालों के साथ लाल रंग की बिंदी, उनपर जच रही थी।

नूपुर श्योराण का जन्म 26 सितंबर, 1998 को हरियाणा के भिवानी में हुआ था। उन्होंने एक बार बताया था कि उन्हें बॉक्सिंग की प्रेरणा उनके पिता और दादाजी से मिली। 2005 में उनके पापा ने एक अकैडमी शुरू की, जिसमें काफी ऐसे बच्चे आते थे जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होती थी। जब वह मैडल लेकर आते थे, तब उन्हें देखकर ही नूपुर ने सोचा था कि उन्हें भी बॉक्सर बनना है। नूपुर श्योराण ने 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद बॉक्सिंग शुरू की। वह अब रेलवे में जॉब करती हैं। 5 बार की राष्ट्रीय चैंपियन नूपुर ने 2024 में महिला नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। 2025, अस्ताना वर्ल्ड कप में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। पिछले साल ही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

**कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेली अविश्सनीय पारी**

## मुकुल का मैजिक: 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुरुवार रात, जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स लगभग हार की कगार पर थी, तब मुकुल ने 27 गेंदों में नाबाद 54 रन ठोककर मैच पलट दिया। 24 गेंदों पर 54 रन चाहिए थे, टीम के 7 विकेट गिर चुके थे।।। और सामने सिर्फ टेलेंडर्स। शुरुआत भी आसान नहीं रही- पहली 5 गेंदों पर सिर्फ 1 रन। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वो 'फिनिशर मोड' था- अगली 22 गेंदों में 53 रन, जिसमें 7 छक्के शामिल थे।

मुकुल ने मैच के बाद बताया, 'मैंने ये शॉट बचपन से प्रैक्टिस किया है। मुझे हमेशा धोनी का फिनिशिंग स्टाइल पसंद रहा। वो यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे।।। और जब आप ऐसा करते हैं, तो गेंदबाज सोचने पर मजबूर हो जाता है।'

मुकुल की ताकत सिर्फ नेचुरल पावर नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने खुद कहा, मेरी बॉडी थोड़ी पावरफुल है, लेकिन मैं रोज 100-150 छक्कों की प्रैक्टिस करता हूं। इससे बैट स्पीड डेवलप होती है। पिछले 5-6 महीनों से मैंने इस पर बहुत काम किया है।'

### पहले ही दे चुके थे संकेत

आईपीएल से पहले ही मुकुल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफीमें अपनी झलक दिखा दी थी। उन्होंने राजस्थान की ओर से खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ रनों की बारिश कर दी थी।इस टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 198.85 रहा, जो बताता है कि ये 'वन-नाइट वंडर' नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ फिनिशर है।

## वैशाली ने फिडे चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ खेला ड्रॉ




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू न फिडे चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गई। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

# कुवैत का ईरान, उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप सऊदी ने अहम पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की बात कही

» दुबई, भाषा।

**कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर दो सप्ताह के युद्धविराम के बावजूद बृहस्पतिवार को उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा है कि हाल के हमलों से उसकी एक महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी केयूएनए ने कुवैत के विदेश मंत्रालय के एक बयान के हवाले से यह जानकारी दी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है। कुवैत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बृहस्पतिवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया।**

इस बीच, सऊदी अरब की सरकारी समाचार एजेंसी सऊदी प्रेस एजेंसी ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से स्वीकार किया कि युद्ध में हुए हालिया हमले से उसकी महत्वपूर्ण ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। हालांकि, ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी एक बयान में ईरान के अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कुवैत के दावों के बाद बृहस्पतिवार को फारस की खाड़ी से सटे देशों पर हमले शुरू करने की बात से इनकार किया। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा, अगर मीडिया में छपी ये खबरें सच हैं तो निश्चित ही ये इजराइल या अमेरिका का काम है। इससे पूर्व, पश्चिम एशिया में युद्धविराम प्रयासों की संभावनाओं को बढ़ावा देते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने लेबनान के साथ जितनी जल्दी हो सके सीधी बातचीत की अनुमति दी है। इस बातचीत का उद्देश्य ईरान समर्थित हिजबुल्ला को निरस्त्र करना और दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध स्थापित करना है। वर्ष 1948 में इजराइल की स्थापना के बाद से ही इजराइल और लेबनान तकनीकी रूप से युद्ध की स्थिति में हैं। अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते के बाद नेतन्याहू ने बाद में इस बात पर जोर दिया कि इजराइल और लेबनान के बीच कोई युद्धविराम नहीं हुआ है। उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा कि उत्तरी इजराइल में सुरक्षा बहाल होने तक इजराइल हिजबुल्ला पर हमले जारी रखेगा। लेबनान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हालांकि नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि इजराइल-लेबनान वार्ता अगले सप्ताह वाशिंगटन में शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि बृहस्पतिवार शाम को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम के प्रभावी होने को लेकर आशंका जताते हुए अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, ईरान बहुत खराब काम कर रहा है। ईरान तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने देने के संदर्भ में बहुत खराब काम कर रहा है। कुछ लोग इसे शर्मनाक कहेंगे। उन्होंने कहा, हमारे बीच ऐसा कोई समझौता नहीं है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान समझौते का पालन नहीं करता है तो अमेरिकी सेना पहले से भी ज्यादा कठोर कार्रवाई करेगी। बृहस्पतिवार को ट्रंप ने एक बार फिर उन खबरों पर चिंता जताई कि ईरान की सेना जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे टैंकरों से शुल्क वसूल रही है।



## ईरान पर ट्रंप का निशाना, होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल आवागमन पर उठाए सवाल

**दुबई, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से युद्धविराम की प्रभावशीलता पर संदेह जताते हुए कहा है कि ईरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल के आवागमन की अनुमति देने में बेहद घटिया काम कर रहा है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार शाम अपने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, ईरान तेल को होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने देने में बहुत घटिया काम कर रहा है। हमने ऐसा समझौता नहीं किया। इससे पहले ट्रंप ने एक अन्य पोस्ट में कहा था, ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क वसूल रहा है, उसे ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वह ऐसा कर रहा है तो उसे तुरंत बंद करे। व्हाइट हाउस ने कहा कि वह युद्धविराम समझौते के तहत जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का समर्थन करता है, लेकिन ट्रंप ईरान की सेना द्वारा इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर नियंत्रण बनाए रखते हुए जहाजों से टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने के प्रयासों का विरोध करते हैं।

## ट्रंप ने युद्धविराम समझौते के प्रभावी होने को लेकर आशंका जताई



**दुबई, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम समझौते के प्रभावी होने को लेकर आशंका जताई है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार शाम को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ईरान बहुत खराब काम कर रहा है। ईरान तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने देने के संदर्भ में बहुत खराब काम कर रहा है। कुछ लोग इसे शर्मनाक कहेंगे। उन्होंने कहा, हमारे बीच ऐसा कोई समझौता नहीं है। इस पोस्ट से पहले ट्रंप एक और पोस्ट में कहा था, ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क वसूल रहा है उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे ऐसा कर रहे हैं तो उन्हें अभी इसे बंद कर देना चाहिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने युद्धविराम समझौते के तहत जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का समर्थन किया है, लेकिन उसका कहना है कि ट्रंप ईरान की सेना का विरोध करते हैं जो जलमार्ग पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। व्हाइट हाउस ने कहा कि जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले जहाजों पर ईरान द्वारा शुल्क लगाकर राजस्व बढ़ाने की कोशिश का भी ट्रंप विरोध करते हैं।

# मिसरी एवं रुबियो ने व्यापार और क्वाड पर चर्चा की, अमेरिकी मंत्री मई में करेंगे भारत की यात्रा

» वाशिंगटन, भाषा।

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सार्थक बैठक कर व्यापार और क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) सहित कई मुद्दों पर चर्चा की तथा बैठक के बाद अमेरिकी मंत्री के अगले महीने भारत की यात्रा पर जाने की घोषणा की गई। मिसरी तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका आए हैं। उन्होंने और रुबियो ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में मुलाकात कर खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और क्वाड पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, व्हाइट हाउस में विक्रम मिसरी का स्वागत है।**





मंत्री रुबियो के साथ सार्थक बैठक हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों, खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं क्वाड पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोर ने कहा कि मंत्री रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। इससे पहले, मिसरी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ और राजनीतिक मामलों की अवर विदेश मंत्री एलिसन हूकर से अलग-अलग मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा, उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी से वाशिंगटन में मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच करीबी साझेदारी की पुनः पुष्टि की और फारस की खाड़ी संबंधी स्थिति तथा अन्य वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। हूकर ने कहा कि उन्होंने और मिसरी ने इस बात पर चर्चा की कि भारत और अमेरिका रक्षा एवं अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में किस तरह और निकटता से मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम अमेरिकियों और भारतीयों, दोनों को अधिक सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने के व्यावहारिक तरीके तलाश रहे हैं, जिनमें क्वाड के जरिए किए जा रहे प्रयास भी शामिल हैं। अमेरिका में भारत के दूतावास ने कहा कि हूकर और मिसरी ने पिछले साल दिसंबर में हुई विदेश कार्यालय परामर्श वार्ता के बाद से भारत-डुअमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा की। दोनों राजनयिकों ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम के साथ-साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों पर भी अपने आकलन साझा किए।

# चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ताइवान के विपक्ष की नेता चेंग से बीजिंग में मुलाकात की



**बीजिंग, भाषा।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को ताइवान के विपक्ष की नेता चेंग ली-वुन से बीजिंग में मुलाकात की। यह मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले महीने चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। चेंग पिछले एक दशक में पहली कुओमिनतांग (केएमटी) अध्यक्ष हैं, जो अपनी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए एक सप्ताह की चीन यात्रा पर हैं। उनकी शी चिनफिंग के साथ इस बैठक पर दुनियाभर की नजरें हैं क्योंकि 2012 में सत्ता संभालने के बाद से चीनी नेता ताइवान के पुनर्एकीकरण के प्रयासों को तेज कर रहे हैं और वन चाइना नीति को सख्ती से लागू कर रहे हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मुख्यभूमि के साथ पुनः एकीकृत करने का संकल्प दोहराता रहा है। चीन, ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) को अलगाववादी बताता है और बीजिंग समर्थक केएमटी का परोक्ष रूप से समर्थन करता है, क्योंकि वह मुख्यभूमि के साथ घनिष्ठ संबंधों की वकालत करती है। वहीं, डीपीपी चीन के पुनर्एकीकरण के प्रयासों का कड़ा विरोध करती है और ताइवान की अलग पहचान बनाए रखने की पक्षधर है। बीजिंग रवाना होने से पहले चेंग ने इस यात्रा को शांति की यात्रा बताया और कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों पक्षों को मतभेद सुलझाने के लिए संवाद और संचार का रास्ता अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय माहौल अस्थिर है, संघर्ष बढ़ रहे हैं और लोगों की चिंता भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य को लंबे समय से दुनिया के सबसे खतरनाक स्थानों में से एक माना जाता रहा है, इसलिए हमें सुनिश्चित करना होगा कि अगर यह जलडमरूमध्य सुरक्षित है, तो दुनिया भी सुरक्षित है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के देशों में शाहेद ड्रोन मार गिराएः जेलेंस्की

» कीव, भाषा।

**यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के कई देशों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोनों को मार गिराया। जेलेंस्की ने कहा कि ये अभियान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत यूक्रेन अपने सहयोगी देशों को उन हथियारों से निपटने में मदद कर रहा है जिनका इस्तेमाल रूस उसके खिलाफ कर रहा है। राष्ट्रपति ने इन अभियानों की पहली बार सार्वजनिक रूप से पुष्टि बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में की, जिसे शुक्रवार तक सार्वजनिक नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने देश में विकसित और युद्ध में परखे गए इंटरसेप्टर ड्रोन का उपयोग करते हुए विदेशों में सक्रिय अभियानों में भाग लिया। जेलेंस्की ने कहा, यह किसी प्रशिक्षण मिशन या अभ्यास का मामला नहीं था, बल्कि एक ऐसे आधुनिक वायु रक्षा तंत्र के निर्माण में सहयोग देने की बात थी, जो वास्तव में प्रभावी ढंग से काम कर सके।**

ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच इस सप्ताह अस्थाई युद्धविराम तय होने से पहले यूक्रेन ने रक्षात्मक अभियानों में हिस्सा लिया था। जेलेंस्की ने इसमें शामिल देशों के नाम उजागर नहीं किए, लेकिन कहा कि यूक्रेनी बल के जवानों ने कई देशों में रहकर उनके वायु रक्षा तंत्र को मजबूत करने में मदद की। उन्होंने पहले कहा था कि क्षेत्र में 228 यूक्रेनी विशेषज्ञों को तैनात किया गया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि इसके बदले में यूक्रेन को अपने ऊर्जा ढांचे की सुरक्षा के लिए हथियार मिल रहे हैं, साथ ही तेल, डीजल और कुछ मामलों में वित्तीय मदद भी प्राप्त हो रही है। जेलेंस्की ने कहा कि ये समझौते देश की ऊर्जा स्थिरता को मजबूत करेंगे और इन साझेदारियों को उन्होंने ऐसी पहल बताया, जिसे एक मॉडल के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम अपने देश की मजबूती के लिए मिलने वाले सहयोग के बदले उनकी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में मदद कर रहे हैं। यह धन प्राप्त करने से कहीं अधिक है।

### दारफुर में शादी समारोह पर ड्रोन हमले में 30 लोग मारे गए

» काहिरा।, भाषा।

**सूडान में दारफुर क्षेत्र के एक कस्बे में एक शादी समारोह पर ड्रोन हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 30 आम नागरिकों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि यह शादी समारोह उत्तरी दारफुर के कुतुम कस्बे में हो रहा था। यह हमला सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच बढ़ते ड्रोन हमलों की कड़ी में हालिया घटना है। दोनों पक्ष अप्रैल 2023 से युद्धरत हैं।**

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, सूडान में करीब तीन वर्ष से जारी इस संघर्ष में 40,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, हालांकि सहायता समूहों का कहना है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। स्टीफन दुजारिक ने कहा, हम इस हमले और आम नागरिकों के खिलाफ सभी हमलों की निंदा करते हैं। आम नागरिकों और उनके ठिकानों पर ड्रोन से किए गए हमले अस्वीकार्य हैं। सेना ने इस पर प्रतिक्रिया के अनुरोध का तत्काल कोई जवाब नहीं दिया। पिछले सप्ताह देश के दक्षिण-मध्य हिस्से में एक अस्पताल पर ड्रोन हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी।

### नाइजीरिया में सैन्य अड्डे पर हमले में जनरल समेत कई जवान मारे गए

» अबुजा, भाषा।

**उत्तर-पूर्व नाइजीरिया में बृहस्पतिवार तड़के एक सैन्य अड्डे पर हमले में सेना के एक जनरल समेत कई जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना के प्रवक्ता माइकल ओनोजा ने एक बयान में बताया कि यह हमला बोर्नो प्रांत के बेनिशेख क्षेत्र में हुआ, जिसे सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया।**

उन्होंने हमलावरों को आतंकवादी करार दिया। कागा क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन प्रमुख जन्ना लावन अजिमी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर 29 टास्क फोर्स ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल ओ. ओ. ब्राइमा सहित अन्य जवानों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। ओनोजा ने इस हालिया हमले में मारे गए सैनिकों की संख्या का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, यह हमला उन आतंकवादी तत्वों की हताशा को दर्शाता है, जिन्हें हाल के अभियानों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है और जो अब भी कड़ी सुरक्षा वाले सैन्य ठिकानों पर नाकाम हमले करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की विश्वभर में सराहना

» वाशिंगटन, भाषा।

**भारत के परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत का प्रतीक माने जा रहे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सराहना की है। वैश्विक परमाणु नियामक आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा पहली बार क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल किया जाना ईंधन की दीर्घकालिक स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य की दिशा में एक अहम व निर्णायक कदम है। परमाणु रिएक्टर में क्रांतिकता नाभिकीय श्रृंखला प्रतिक्रिया की वह स्थिर, स्व-पोषक अवस्था है।**



जिसमें न्यूट्रॉन उत्पादन न्यूट्रॉन हानि को संतुलित करता है, जिससे नियंत्रित मात्रा में विद्युत उत्पादन संभव हो पाता है। ग्रॉसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी भारत के परमाणु कार्यक्रम के सुरक्षित और संरक्षित विकास में अपना सहयोग जारी रखेगी। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई। ग्रॉसी ने कहा, कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रांतिकता (नियंत्रित परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया) हासिल करने की दिशा में भारत ने प्रभावशाली प्रगति की है, जो ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दो दशकों से अधिक समय में तैयार हुआ भारत का प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर दुनिया में रूस के बाद अपनी तरह का केवल दूसरा रिएक्टर है। अमेरिका और जापान ने कई दशक पहले ही इस जटिल तकनीक पर महारत हासिल करने के प्रयास छोड़ दिए थे। पेरिस स्थित आईईए ने भी इसे एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि बताया और भारत के वैज्ञानिकों व इंजीनियर को बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कई वर्षों के विकास के बाद हासिल की गई इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। एजेंसी ने कहा कि छह अप्रैल को रात आठ बजकर 25 मिनट पर पहली बार नियंत्रित परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया हासिल करने वाला यह रिएक्टर अन्य रिएक्टर की तुलना में काफी कम परमाणु ईंधन का उपयोग करेगा और क्लोज्ड फ्यूल साइकल की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। क्लोजड फ्यूल साइकल से अभिप्राय इस्तेमाल किए गए परमाणु ईंधन को फेंकने के बजाय, उसे फिर से उपयोग में लाने की व्यवस्था है। प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर अपनी तरह का पहला परमाणु रिएक्टर है, जिसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम आधारित मिश्रित ऑक्साइड और कूलेंट के रूप में तरल सोडियम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## विदेश सचिव मिसरी ने एफबीआई निदेशक काश पटेल से मुलाकात की

**वाशिंगटन, भाषा।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल के साथ वाशिंगटन में हुई बैठक के दौरान आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों से निपटने में सहयोग पर चर्चा की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आज एफबीआईके निदेशक काश पटेल से मुलाकात की। दोनों के बीच आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों से निपटने में भारत-अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। मिसरी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका आए हैं उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है।

# राजदूत प्रीति सरन तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र की एक अहम संस्था में पुनर्निर्वाचित

» न्यूयॉर्क, भाषा।

**वरिष्ठ राजनयिक प्रीति सरन को प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) के लिए 2027 से शुरू होने वाले नए तीन-वर्षीय कार्यकाल के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है। यह चयन वैश्विक सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बीच समिति का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने में उनकी विशेषज्ञता की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। राजदूत सरन वर्तमान में सीईएससीआर की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। यह संयुक्त राष्ट्र की वह संस्था है जो सदस्य देशों द्वारा आर्थिक और सामाजिक अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधियों के क्रियान्वयन की निगरानी करती है। सीईएससीआर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करती है।**



भारतीय विदेश सेवा में अपने 36 वर्षों के उत्कृष्ट करियर के दौरान राजदूत सरन ने भारत तथा एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में स्थित भारतीय मिशनों में कई उच्च पदों पर कार्य किया। उन्होंने कहा, उस आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति की सदस्य के रूप में पुनः निर्वाचित होना मेरे लिए सम्मान की बात है जो अंतरराष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार संधि के क्रियान्वयन की निगरानी करती है। उन्होंने बताया कि इस समिति में 18 स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो सदस्य देशों द्वारा संधि के पालन की निगरानी करते हैं। उन्होंने कहा, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत की विकास यात्रा, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में, अपने नागरिकों को पूर्ण, स्वतंत्र, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन देने जैसे मूलभूत मानवाधिकारों की पूर्ति का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत सरन को पिछले वर्ष फरवरी में दो वर्ष के कार्यकाल के लिए सीईएससीआर का अध्यक्ष चुना गया था। सरन मार्च 2016 से सितंबर 2018 तक विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) के रूप में कार्य करने के बाद सेवानिवृत्त हो गई थीं। सचिव (पूर्व) के रूप में वह पूर्वी एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, कनाडा, लातिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत के संबंधों की नीति के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार थीं। सरन कई बहुपक्षीय आयोजनों और शिखर सम्मेलनों में भारतीय शेरपा और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकों की प्रमुख रहीं, जिनमें ब्रिक्स, बिम्सटेक, आसियान-भारत वार्षिक शिखर सम्मेलन और पूर्व एशिया शिखर सम्मेलन शामिल हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की पकड़ कायम, एलएनजी टैंकर लौटा

**न्यूयॉर्क, भाषा।** निडी नामक बोत्सवाना ध्वज वाले एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर ने रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा निर्धारित मार्ग से फारस की खाड़ी से बाहर निकलने का प्रयास किया था, लेकिन शुक्रवार तड़केजहाज अचानक मुड़कर वापस लौट आया, जिससे यह पता चलता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना हुआ है। नौवहन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने वाली एक कंपनी ने यह सूचना दी। डेटा और एनालिटिक्स कंपनी केप्लर के अनुसार, बृहस्पतिवार को चार टैंकर और तीन मालवाहक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरे जिससे युद्धविराम के बाद से गुजरने वाले जहाजों की कुल संख्या कम से कम 12 हो गई है। हालांकि, ऐसे अन्य जहाज भी गुजरे होंगे जिन्होंने अपनी स्थिति की जानकारी नहीं दी। शांति काल में इस जलडमरूमध्य से आमतौर पर प्रतिदिन 100 से अधिक जहाज गुजरते थे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार शाम को ईरान युद्ध को रोकने वाले युद्धविराम समझौते के प्रभावी होने को लेकर संदेह व्यक्त किया था। ट्रंप ने बृहस्पतिवार शाम को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ईरान बहुत खराब काम कर रहा है। ईरान तेल को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने देने के संदर्भ में बहुत खराब काम कर रहा है। कुछ लोग इसे शर्मनाक कहेंगे। उन्होंने कहा, हमारे बीच ऐसा कोई समझौता नहीं है। इस पोस्ट से पहले ट्रंप ने एक और पोस्ट में कहा था, ऐसी खबरें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क वसूल रहा है उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे ऐसा कर रहे हैं तो उन्हें अभी इसे बंद कर देना चाहिए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने युद्धविराम समझौते के तहत जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का समर्थन किया है।

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस ईरान के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान रवाना



**वाशिंगटन, भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सहयोगियों में से उस अमेरिकी नेता को ईरान युद्ध का समाधान निकालने के लिए शुक्रवार को पाकिस्तान रवाना किया जो इस युद्ध का बचाव करने के मामले में अब तक सबसे कम उत्साही दिखे हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस विदेशों में सैन्य हस्तक्षेप को लेकर लंबे समय से संदेह जताते रहे हैं और दीर्घकाल तक जारी रहने वाले संघर्षों में अमेरिकी सैनिकों को भेजे जाने की आशंका पर खुलकर बात करते रहे हैं। वेंस ईरान के साथ पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को अमेरिकी वार्ता का नेतृत्व करने के लिए रवाना हुए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब अस्थाई युद्धविराम टूटने की कगार पर दिखाई दे रहा है। ईरान की सार्वजनिक मांगों और अमेरिका एवं उसके साझेदार इजराइल की मांगों के बीच की खाई पाटना मुश्किल दिख रहा है। अमेरिका पर इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए राजनीतिक और आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। वेंस के साथ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने वार्ता के प्रारूप को लेकर बहुत कम जानकारी दी है।

### निर्दोष नागरिकों को इजराइल द्वारा मारा जा रहा आसिफ

# इजराइल ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की निंदा की

» यरूशलम, भाषा।

**इजराइल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए तटस्थ मध्यस्थ के रूप में उनके देश की भूमिका पर संदेह जताया है। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बृहस्पतिवार शाम एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का इजराइल के विनाश का आह्वान बेहद आपत्तिजनक है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, यह ऐसा बयान नहीं है जिसे किसी भी सरकार से बर्दाश्त किया जा सके, खासकर ऐसी सरकार से जो शांति के लिए स्वयं के एक निष्पक्ष मध्यस्थ होने का दावा करती है।**



अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थाई युद्धविराम में मध्यस्थता करने का श्रेय पाकिस्तान को दिया जाता है और वह सप्ताहांत में शांति वार्ता की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, आसिफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इजराइल को बुरा और मानवता के लिए अभिशाप बताया। आसिफ ने यह भी कहा, इस्लामाबाद में शांति वार्ता जारी है जबकि लेबनान में नरसंहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, निर्दोष नागरिकों को इजराइल द्वारा मारा जा रहा है, पहले गाजा, फिर ईरान और अब लेबनान में रक्तपात बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा, मैं आशा और प्रार्थना करता हूं कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फलस्तीनी जमीन पर इस कैंसर जैसे देश को बनाया, वे नरक में जलें। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सआर ने भी आसिफ की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा, शांति में मध्यस्थता का दावा करने वाली सरकार की ओर से यह खुला यहूदी-विरोधी और घोर मिथ्या आरोप है। सआर ने कहा, इजराइल उन आतंकवादियों के खिलाफ अपनी रक्षा करेगा जो उसके विनाश की कसम खाते हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com